# जादुई पिटारा

## बुनियादी स्तर के लिए अधिगम-शिक्षण सामग्री

## उपयोगार्थ निर्देशिका










13280

विद्यया ऽमृतमश्नुते

एन सी ई आर टी
NCERT

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्
NATIONAL COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING

ISBN 978-93-5292-578-0

Cover Hindi rindd.indd All Pages 06-Aug-24 10:06:17 AM

# जादुई पिटारा

बुनियादी स्तर के लिए अधिगम-शिक्षण सामग्री

## उपयोगार्थ निर्देशिका




विद्यया ऽमृतमश्नुते

एन सी ई आर टी
NCERT

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्
NATIONAL COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING

Prelims.indd 1 06-Aug-24 12:09:52 PM

**13280— जादुई पिटारा**
**उपयोगार्थ निर्देशिका**

ISBN 978-93-5292-578-0

**प्रथम संस्करण**

*अगस्त 2024 श्रावण 1946*

**PD 3T BS**

*© राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, 2024*

**₹ 85.00**

*80 जीएसएम पेपर पर मुद्रित*

सचिव, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् श्री अरविंद मार्ग, नई दिल्ली 110016 द्वारा प्रकाशन प्रभाग में प्रकाशित ।

**सर्वाधिकार सुरक्षित**

- प्रकाशक की पूर्व अनुमति के बिना इस प्रकाशन के किसी भाग को छापना तथा इलैक्ट्रॉनिकी, मशीनी, फ़ोटोप्रतिलिपि, रिकॉर्डिंग अथवा किसी अन्य विधि से पुन: प्रयोग पद्धति द्वारा उसका संग्रहण अथवा प्रचारण वर्जित है।
- इस पुस्तक की बिक्री इस शर्त के साथ की गई है कि प्रकाशन की पूर्व अनुमति के बिना यह पुस्तक अपने मूल आवरण अथवा जिल्द के अलावा किसी अन्य प्रकार से व्यापार द्वारा उधारी पर, पुनर्विक्रय या किराए पर न दी जाएगी, न बेची जाएगी।
- इस प्रकाशन का सही मूल्य इस पृष्ठ पर मुद्रित है। रबड़ की मुहर अथवा चिपकाई गई पर्ची (स्टीकर) या किसी अन्य विधि द्वारा अंकित कोई भी संशोधित मूल्य गलत है तथा मान्य नहीं होगा।

**एन.सी.ई.आर.टी. के प्रकाशन प्रभाग के कार्यालय**

एन.सी.ई.आर.टी. कैंपस
श्री अरविंद मार्ग
**नई दिल्ली 110 016** फ़ोन : 011-26562708

108, 100 फीट रोड
हेली एक्सटेंशन, होस्डेकेरे बनाशंकरी
III इस्टेज **बेंगलुरु 560 085** फ़ोन : 080-26725740

नवजीवन ट्रस्ट भवन
डाकघर नवजीवन
**अहमदाबाद 380 014** फ़ोन : 079-27541446

सी.डब्ल्यू.सी. कैंपस
निकट धनकल बस स्टॉप पिनहटी
**कोलकाता 700 114** फ़ोन : 033-25530454

सी.डब्ल्यू.सी. कॉम्प्लैक्स
मालीगाँव **गुवाहाटी 781021** फ़ोन : 0361-2676869

**प्रकाशन सहयोग**

| | | |
|---|---|---|
| अध्यक्ष, प्रकाशन प्रभाग | : | अनूप कुमार राजपूत |
| मुख्य उत्पादन अधिकारी | : | अरुण चितकारा |
| मुख्य संपादक | : | बिज्ञान सुतार |
| मुख्य व्यापार प्रबंधक | : | अमिताभ कुमार |
| सहायक उत्पादन अधिकारी | : | ओम प्रकाश |

**आवरण चित्रांकन**

*डी.टी.पी. सेल*

# आमुख

भारत में बच्चों के प्रारंभिक वर्षों के दौरान उनके समग्र विकास करने की समृद्ध परंपरा रही है। पोषण की एक प्रसिद्ध परंपरा है जिसे व्यापक रूप से सुप्रभावित प्रक्रिया के माध्यम से संस्कार के रूप में जाना जाता है। इन संस्कारों को एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक हस्तांतरित किया जाता है, जो बच्चों के प्रारंभिक आठ वर्षों में प्रत्येक पहलू को उनके पोषण, व्यवहार और क्षमताओं के प्रति अनुकूल रूप से आकार देने के लिए उचित देखभाल का मार्ग प्रशस्त करते हैं।

बच्चे के संपूर्ण विकास में प्रारंभिक वर्षों के महत्त्व को देखते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एन.ई.पी.) 2020 में 5+3+3+4 वर्षीय पाठ्यचर्चा एवं शैक्षणिक ढाँचे को स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में 3–8 वर्ष की आयु के दौरान पाँच वर्षों को शामिल करने की सिफारिश अत्यंत उपयुक्त है। 3–6 वर्ष के दौरान बालवाटिका में बच्चों के संपूर्ण विकास का ध्यान रखा जाएगा, क्योंकि उस दौरान हुए पोषण पर जो किसी व्यक्ति की जीवनभर की सीख, सामाजिक और भावात्मक व्यवहार एवं संपूर्ण स्वास्थ्य पर निर्भर करता है। साथ ही, बच्चों को संज्ञानात्मक क्षेत्र में साक्षरता, गणित, रचनात्मक और क्रियात्मक कौशलों को विकसित करने हेतु सावधानीपूर्ण सहायता की आवश्यकता होती है।

नीति में इस चरण के लिए एक विशेष राष्ट्रीय पाठ्यक्रम रूपरेखा की सिफारिश की गई है जोकि बच्चों के प्रारंभिक चरण में न केवल उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने के लिए, आगे के स्कूली शिक्षा के चरणों तक की प्रगति का मार्ग प्रशस्त करेगा।

बुनियादी स्तर के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्चा की रूपरेखा (एन.सी.एफ.) भारतीय संस्कृति और नीतिशास्त्र पर आधारित प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा की सिफारिश करता है। इसका मुख्य फोकस घर में बच्चे के अनुभवों को स्कूल के माध्यम से विकसित होने वाले ज्ञान, कौशल और नैतिकता के साथ एकीकरण पर है। यह किताबी ज्ञान की मौजूदा प्रणाली से अलग होने का संकेत देता है, जहाँ केवल किताबों से सीखने की बजाय एक संगठित खेल-विधि, क्षमता पूरक शिक्षाप्रणाली होती है, जिसमें बच्चा जो कुछ करता और सीखता है, उसमें उसकी संलग्नता अधिक महत्वपूर्ण होती है। इसे प्राप्त करने के लिए 'जादुई पिटारे' में विभिन्न अधिगम और शिक्षण सामग्री जोड़ी गई है।

'जादुई पिटारे' में शिक्षकों के लिए किताबें और बुनियादी स्तर पर बच्चों के लिए दिलचस्प सीखने के लिए खेल सामग्री मौजूद है। 'जादुई पिटारे' को बुनियादी स्तर के बच्चों के लिए विकसित किया गया है, जो एन.ई.पी. 2020 और एन.सी.एफ.एस. 2022 के परिपेक्ष्य के विचारों को ध्यान में रखता है और जिसमें 3–8 वर्ष की आयु समूह के बच्चों के लिए खेलने

योग्य और विचारशील अवसर प्रदान करने का प्रयास किया गया है। हमने 'जादुई पिटारे' को समावेशी और हमारी मूलभूत आवश्यकता के अनुसार बनाने का प्रयास किया है। यह शिक्षकों को बच्चों के समक्ष सृजनात्मक विचारों, अवधारणाओं और विषय को सीखने और करने के पर्याप्त अवसर प्रदान करता है। यह 'जादुई पिटारा', विकास के सभी 5 आयामों के लिए एल.टी.एम. प्रदान कर रहा है। साथ ही, इसमें खिलौने और खेलों के साथ-साथ विभिन्न गतिविधियाँ शामिल हैं, जो बच्चों को महत्वपूर्ण सोचने और समस्या का समाधान करने की क्षमता विकसित करने में सहायक होती है। इसके अलावा 'जादुई पिटारा' हितधारकों को प्रोत्साहित करता है कि वे बच्चों के लिए गतिविधियों में विविधता लाने के लिए नई नवाचारी संदर्भात्मक सामग्री पिटारे में जोड़ते रहें। 'जादुई पिटारे' का उद्देश्य पर्यावरण से स्थानीय खिलौने बनाना और साथ ही स्थानीय शिल्पकार और कारीगरों को प्रोत्साहित करना है।

रा.शै.अ.प्र.प. इस 'जादुई पिटारे' के निमार्ण के लिए प्राथमिक शिक्षा विभाग (डी.ई.ई.) के संकाय सदस्यों द्वारा किए गए अथक प्रयासों की प्रशंसा करता है। मैं इस समिति की *अध्यक्ष* प्रो. शशि कला वंजारी और अन्य सदस्यों को धन्यवाद देता हूँ कि उन्होंने इस कार्य को समय पर इतने सराहनीय तरीके से पूरा किया। मैं उन सभी संस्थाओं और संगठनों का धन्यवाद करता हूँ, जिन्होंने इसे संभव बनाने में अपना योगदान स्वतंत्र रूप से प्रदान किया। मैं मुख्यत: राष्ट्रीय निर्देशन समिति के *अध्यक्ष* डॉ. के. कस्तूरीरंगन और मैंडेट ग्रुप और समीक्षा समिति के सदस्यों का आभार व्यक्त करता हूँ, जिनके समय और मूल्यवान सुझावों ने इस 'जादुई पिटारे' की अवधारणा और विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। रा.शै.अ.प्र.प. भारत में स्कूली शिक्षा को सुधारने और सभी शिक्षा सामग्री की गुणवत्ता में निरंतर सुधार लाने के प्रति समर्पित है। परिषद्, हितधारकों से इस 'जादुई पिटारे' को और मूल्यवान बनाने के लिए महत्वपूर्ण टिप्पणियों और सुझावों की प्रतीक्षा करेगा।

दिनेश प्रसाद सकलानी
*निदेशक*
राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और
प्रशिक्षण परिषद्

*जुलाई, 2024*
नई दिल्ली



Prelims.indd 4 06-Aug-24 12:09:53 PM

# निर्माण समिति

**सलाहकार**

दिनेश प्रसाद सकलानी, *निदेशक*, रा.शै.अ.प्र.प., नई दिल्ली

**मार्गदर्शन**

सुनीति सनवाल, *अध्यक्ष*, डी.ई.ई., रा.शै.अ.प्र.प. एवं पाठ्यक्रम और पाठ्यपुस्तक विकास समिति की सदस्य

**योगदानकर्त्ता**

अनूप कुमार राजपूत, *प्रोफेसर* और *प्रमुख*, प्रकाशन विभाग, रा.शै.अ.प्र.प.

रौमिला भटनागर, *एसोसिएट प्रोफेसर*, डी.ई.ई., रा.शै.अ.प्र.प.

मञ्जुल भार्गव, *अध्यक्ष,* राष्ट्रीय संचालन समिति एवं मैंडेट ग्रुप

सुनीति सनवाल, *प्रोफेसर* और *अध्यक्ष,* डी.ई.ई., रा.शै.अ.प्र.प.

**शैक्षणिक सदस्य, समन्वयक**

रौमिला भटनागर, *एसोसिएट प्रोफेसर*, डी.ई.ई., रा.शै.अ.प्र.प.

# भारत का संविधान

## उद्देशिका

हम, भारत के लोग, भारत को एक [1][**संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न समाजवादी पंथनिरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य**] बनाने के लिए, तथा उसके समस्त नागरिकों को :

सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक **न्याय,**

विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म

और उपासना की **स्वतंत्रता,**

प्रतिष्ठा और अवसर की **समता**

प्राप्त कराने के लिए,

तथा उन **सब में**

व्यक्ति की गरिमा और [2][**राष्ट्र की एकता**

**और अखंडता**] सुनिश्चित करने वाली **बंधुता**

बढ़ाने के लिए

दृढ़संकल्प होकर **अपनी इस संविधान सभा में** आज तारीख 26 नवंबर, 1949 ई. को **एतद्द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।**

---

1. संविधान (बयालीसवां संशोधन) अधिनियम, 1976 की धारा 2 द्वारा (3.1.1977 से) ''प्रभुत्व-संपन्न लोकतंत्रात्मक गणराज्य'' के स्थान पर प्रतिस्थापित।
2. संविधान (बयालीसवां संशोधन) अधिनियम, 1976 की धारा 2 द्वारा (3.1.1977 से) ''राष्ट्र की एकता'' के स्थान पर प्रतिस्थापित।

# आभार

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् (रा.शै.अ.प्र.प.), राष्ट्रीय संचालन समिति (एन.एस.सी.) के अध्यक्ष और सदस्यों के मार्गदर्शन और समर्थन को कृतज्ञतापूर्वक स्वीकार करती है। परिषद्, 'जादुई पिटारा' के लिए वस्तुओं के चयन में उनके निरंतर समर्थन के लिए अध्यक्ष और एल.टी.एम. समिति के सदस्यों को धन्यवाद करती है।

परिषद् डी.ई.ई., एनसीईआरटी के प्रोजेक्ट स्टाफ मीनाक्षी, *वरिष्ठ सलाहकार*; दीक्षा दीवान, *सलाहकार*; मरियम अय्यूब, *सलाहकार*; अनामिका, रूपल निमेश, *कनिष्ठ परियोजना अध्येयता तथा सोनिया मेहदीरत्ता, शिक्षिका, हैपी मॉडल स्कूल* द्वारा प्रदान किए गए सहयोग को स्वीकार करती है। परिषद् विवेक मंडल, *ग्राफिक डिजाइनर* और चंचल रानी, *एल.डी.सी.*, डी.ई.ई. के प्रयासों के लिए उनका धन्यवाद करती है।

परिषद्, उपयोगार्थ निर्देशिका के संपादन और प्रारूपण के लिए, अंजू शर्मा, *सहायक संपादक* (संविदा); शिव मोहन यादव, *सहायक संपादक* (संविदा); माया *प्रूफरीडर* (संविदा); मुन्शी रज़ा *प्रूफरीडर* (संविदा); सुरेंद्र कुमार, (*प्रभारी*, डी.टी.पी. प्रकोष्ठ, रा.शै.अ.प्र.प.); मोहन सिंह, *डी.टी.पी. ऑपरेटर* (संविदा), प्रकाशन प्रभाग और शैक्षिक किट प्रभाग (डी.ई.के.) के प्रति आभार प्रकट करती है।

MANODARPAN
Empowering Minds, Enriching Lives
An Initiative of the Ministry of Education

## अगर आप ...

पढ़ाई एवं परीक्षा

निजी संबंधों

करियर

साथियों के दबाव

को लेकर किसी भी तरह के तनाव, चिंता, परेशानी, उदासी या उलझन में हैं, तो काउंसलर की मदद लें



**कॉल करें**
**8448440632**

राष्ट्रीय टोल-फ्री काउंसलिंग
टेली-हेल्पलाइन
सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक
सप्ताह के प्रत्येक दिन

## मनोदर्पण

कोविड-19 के प्रकोप के दौरान और उसके बाद विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण हेतु मनो-सामाजिक सहायता
(आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार की एक पहल)

www.https://manodarpan.education.gov.in

# विषय–सूची

**'जादुई पिटारा' के बारे में—बुनियादी स्तर के लिए अधिगम शिक्षण सामग्री—**


| | | |
|---|---|---|
| 1. | संगीत वाद्ययंत्र— डफली, बाँसुरी और डमरू | 20 |
| 2. | रस्सा सीढ़ी | 21 |
| 3. | बॉलिंग सेट | 22 |
| 4. | हैमरिंग टॉय | 23 |
| 5. | गेंद | 24 |
| 6. | छेद वाले मोती और डोरी | 25 |
| 7. | बिल्डिंग ब्लॉक्स | 26 |
| 8. | लट्टू | 27 |
| 9. | लेसिंग बोर्ड के साथ डोरी | 28 |
| 10. | चकला-बेलन | 29 |
| 11. | जिग्सॉ पहेली | 30 |
| 12. | स्व सुधारात्मक तर्क कार्ड | 31 |
| 13. | स्पर्श थैली | 32 |
| 14. | रंगीन छल्ले | 33 |
| 15. | रसोई सेट | 34 |
| 16. | गुड्डा-गुड़िया | 35 |
| 17. | स्मृति कार्ड | 36 |
| 18. | क्या गायब है? | 37 |
| 19. | पूर्व-संख्या कार्ड्स | 38 |
| 20. | चित्र कार्ड्स | 39 |
| 21. | रंग डोमिनो | 40 |
| 22. | रंग क्रम कार्ड्स | 41 |
| 23. | क्रमबद्ध चिंतन कार्ड्स | 42 |
| 24. | जोकर कार्ड्स | 43 |
| 25. | संख्या-बिंदु डोमिनो | 44 |
| 26. | आकार वर्गीकरण बोर्ड डोरी के साथ | 45 |
| 27. | जूनियर अबेकस | 46 |
| 28. | संख्या ट्रेसिंग कार्ड्स | 47 |
| 29. | सोलिड वेल्क्रो शेप्स | 48 |
| 30. | टाइल्स | 49 |

31. स्थानीय मान कार्ड्स 51
32. चित्र पठन पोस्टर्स— गेहूँ का सफर, फलों की मौज, रंगों भरा समंदर, पार्क दृश्य, बाजार दृश्य, सड़क दृश्य, गाँव का दृश्य, जंगल का दृश्य 53
33. कविता पोस्टर्स— मकड़ी की आँखें, माँ की अलमारी, मस्त कलंदर 54
34. कहानी कार्ड्स 55
35. दस्ताना पुतल 56
36. फिरकी बच्चों की (पत्रिका) 57
37. हिंदी ध्वनि डोमिनो 58
38. अंग्रेजी ध्वनि डोमिनो 59
39. अंग्रेजी वर्णमाला फ्लैश कार्ड्स (छोटी/बड़ी) 60
40. हिंदी अक्षर/वर्णमाला फ्लैश कार्ड्स 61
41. अंग्रेजी वर्णमाला ट्रेसिंग बोर्ड 62
42. अंग्रेजी वर्णमाला ट्रेसिंग कार्ड्स 63
43. हिंदी वर्णमाला (स्वर ट्रेसिंग कार्ड्स) 64
44. हिंदी वर्णमाला (व्यंजन ट्रेसिंग कार्ड्स) 65
45. वर्णमाला चार्ट (अंग्रेजी) 66
46. स्वर चार्ट 67
47. व्यंजन चार्ट 68
48. बरखा कहानी शृंखला 69
49. आनंद गतिविधि पुस्तिका (बालवाटिका वर्कशीट/कार्यपत्रक) 70
50. उन्मुख—बालवाटिका के लिए हैंडबुक/निर्देशिका 71
51. अधिगम सामग्री के संग्रह और प्रदर्शन के लिए जेब वाला फोल्डिंग थैला 72
52 लुप्त हो रहा मेंढक—एक जादुई तरकीब 73

# 'जादुई पिटारा' के बारे में — बुनियादी स्तर के लिए अधिगम-शिक्षण सामग्री

## परिचय

एन.ई.पी. 2020 बुनियादी स्तर के समीक्षात्मक महत्व के कारण किसी व्यक्ति के विकास और दीर्घकालिक लाभ के लिए समग्र रूप से समाज के स्पष्ट लक्ष्य को व्यक्त करती है जिसके तहत 2025 तक प्रत्येक 3–8 वर्ष की आयु के बच्चे के लिए स्वतंत्र, सुरक्षित, उच्च गुणवत्ता वाली, विकास की दृष्टि से उपयुक्त ई.सी.सी.ई. उपलब्ध होनी चाहिए।

बुनियादी स्तर की शिक्षा बच्चों की औपचारिक शिक्षा में नामांकन और भागीदारी को बेहतर बनाने के लिए महत्वपूर्ण है। इसका सीधा असर बच्चे के विकास पर पड़ता है और यह बुनियादी शिक्षा के सार्वभौमिकरण के लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण योगदान देती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (एन.ई.पी. 2020) में प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल शिक्षा (ई.सी.सी.ई.) को उचित महत्व प्रदान किया गया है। ई.सी.सी.ई. आदर्श रूप से लचीली, बहुमुखी, बहुस्तरीय खेल और गतिविधि आधारित शिक्षा है। यह आँगनबाड़ी केंद्रों, बालवाटिका और कक्षाओं को बुनियादी स्तर पर बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आयु उपयुक्त स्वदेशी खिलौनों और खेल उपकरणों के साथ सुसज्जित करने को महत्व देती है। राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा बुनियादी स्तर (एन.सी.एफ.एफ.एस. 2020) खिलौनों और खेल आधारित गतिविधियों को महत्व देता है, ताकि बच्चे नई अवधारणाओं को खेल-खेल में समझ सकें और सीख सकें, जो सीखने को आसान, आनंदमय और तनाव मुक्त बना देगा और बाद के चरण में औपचारिक रूप से सीखने के लिए सहज बदलाव में मदद करेगा।

रा.शै.अ.प्र.प. प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा, छोटे बच्चों के विकास के आयामों को ध्यान में रखकर शैक्षिक खिलौने, चित्र पुस्तकें, आकर्षक पठन सामग्री के उपयोग पर काम कर रही है। इस बार रा.शै.अ.प्र.प. बुनियादी स्तर पर बच्चों के लिए 'जादुई पिटारा' के रूप में व्यापक अनुकरणीय अधिगम-शिक्षण सामग्री (एल.टी.एम.) के साथ आई है। छोटे बच्चे मूर्त खेल सामग्री और वस्तुओं के साथ प्रत्यक्ष अनुभवों और गतिविधि के माध्यम से सर्वश्रेष्ठ सीखते हैं। वे खेल सामग्री को परखते हैं, जोड़-तोड़ करके धीरे-धीरे सीखते हैं।

अत: कक्षा का परिवेश ऐसा होना चाहिए जो खिलौनों से खेलने, जोड़-तोड़ करने, फ्लैश काड्र्स और चित्र पोस्टर को पढ़ने तथा खेल के माध्यम से खोज एवं अन्वेषण की आदत को विकसित करे। प्रत्येक बच्चे के परिवेश में कुछ स्थानीय खिलौने भी उपलब्ध होते हैं। शिक्षक व अभिभावकों को चाहिए कि वे विभिन्न अवधारणाओं को पढ़ाने में उपयोग महत्वपूर्ण संसाधनों के रूप में करें और बच्चों को तनावमुक्त तरीके से सीखने में मदद करें।

किसी कक्षा का वातावरण सुरक्षित, संरक्षित, आरामदायक और खुशनुमा होना जरूरी है, जहाँ बुनियादी स्तर पर बच्चे बेहतर तरीके से सीख सकते हैं। प्रयोग और अन्वेषण के पर्याप्त अवसरों के साथ देखभाल और जवाबदेही इस स्तर पर शिक्षाशास्त्र की पहचान है।

# बुनियादी स्तर—लचीला, बहुस्तीय खेल आधारित सीख



## खेल एवं सीखने-सिखाने संबधी सामग्री की शक्ति

खेलना बच्चों का काम है। खेल ऐसी स्वाभाविक प्रक्रिया है जिसे बच्चे पसंद करते हैं और उसमें शामिल होना चाहते है। हम कह सकते हैं कि खेलना और सीखना दो-तरफा पारस्परिक प्रक्रिया है। खेल बच्चों को सक्रिय रहने, व्यस्त रहने, जुडने  और बड़ों तथा बच्चों के साथ सामाजिक संपर्क बनाने की अनुमति देकर सीखने में सक्षम बनाता है। इस प्रकार सीखने की सभी आवश्यक शर्तें पूर्ण होती हैं।

जब बच्चे खेलते हैं तो वे अपनी इंद्रियों का पूरा प्रयोग अपने तत्काल परिवेश/निकटतम दुनिया के बारे में जानकारी एकत्र करने के लिए करते हैं, जैसे— सुनना, देखना, चखना, छूना, सूँघना और हिलना-डुलना।

सभी शिक्षकों को यह समझने की आवश्यकता होती है कि अलग-अलग आयु-वर्ग के बच्चे कैसे बढ़ते हैं और शिक्षकों को उन्हें सीखने के स्नेहपूर्ण, संवेदनशील, देखभाल और सकारात्मक अनुभव प्रदान करना सीखना चाहिए। सीखने के सकारात्मक अनुभव छोटे बच्चों के बढ़ते हुए मस्तिष्क में उन संबंधों को बनाते और सुदृढ़ करते हैं, जिनकी उन्हें सफल होने में आवश्यकता होती है। सकारात्मक शुरुआती अनुभव, उनके मस्तिष्क के विकास को आकार देते हैं। बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा, बाद की स्कूली शिक्षा की सफलता के लिए मंच तैयार करती है और यही कारण है कि हमें छोटे बच्चों को गुणवतापूर्ण और उत्तेजक अधिगम-शिक्षण, शिक्षण सामग्री और खेलने के अनुभव प्रदान करने होगें।

## बच्चे बुनियादी स्तर में कैसे सीखते हैं?

बच्चे स्वाभाविक तौर पर शिक्षार्थी होते हैं वे सक्रिय रूप से सीखने के लिए उत्सुक होते हैं और नई चीजों में रुचि के साथ प्रतिक्रिया देते हैं। उनमें एक सहज जिज्ञासा होती है— वे आश्चर्य करते हैं, खोजते हैं, कोशिश करते हैं और अपने तत्काल परिवेश में अर्थ ढूँढ़ने के लिए खोज करते हैं अपनी जिज्ञासा पर काम करके, वे खोजना जारी रखते हैं और जानते हैं। बच्चे खेल के माध्यम से और गतिविधियों से सबसे अच्छा सीखते हैं। वे दौड़ना, कूदना, रेंगना, और संतुलन बनाना पसंद करते हैं, वे दोहराव का आनंद लेते हैं, सहजता से लय पर प्रतिक्रिया देते हैं, वे बात करते हैं, पूछते हैं, वे तर्क करते हैं और उनसे पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देते हैं। वें प्रत्यक्ष अनुभवों, जोड़-तोड़, अन्वेषण/खोज और प्रयोग से जुड़े अनुभवों से सीखते हैं। सामग्रियों, विचारों और भावनाओं के साथ यह विनोदप्रियता तथा चंचलता बच्चों की रचनात्मकता, लचीली सोच, समस्या समाधान की क्षमता, उनकी एकाग्रता ध्यान और दृढ़ता को बढ़ाने में मदद करती है।



Jaadui Pitara A User's Manua Hindil.indd 2 06-Aug-24 10:26:18 AM

बच्चे खेल के माध्यम से अपनी सोच शब्दावली, कल्पना, बोलने और सुनने के कौशल में सुधार करते हैं, चाहे वे वास्तविक स्थितियों का पुनर्निर्माण कर रहें हो या फिर काल्पनिक दुनिया का निर्माण। इस स्तर पर सीखना एक सक्रिय और पारस्परिक/संवादात्मक प्रक्रिया है जिससे बच्चे खेल के माध्यम से दूसरों के साथ बातचीत और अनुभवों से सीखते हैं। बच्चे सक्रिय रूप से अपने सामाजिक और सांस्कृतिक अनुभवों में संलग्न होते हैं और वे लगातार समायोजन जानकारी का उपयोग उनकी अवधारणा और उनके बारे में समझने और अनुभव करने के लिए करते हैं।

बच्चों के खेलने और चंचलता को दूसरों के साथ सक्रिय भागीदारी के अनुभवों के माध्यम से स्वाभाविक और वास्तविक दुनिया की सामग्री, जो सीखने, कल्पना, रचनात्मकता, नवाचार और विविध एवं अनूठे तरीकों से समस्या समाधान को उत्तेजित करती और बढ़ाती है, को पोषित और शुद्ध किया जा सकता है।

यह महत्वपूर्ण है कि इस स्तर पर बच्चों के सीखने का पोषण उनके आस-पास के लोगों के साथ संबंध बनाकर किया जाता है, ये संबंध बच्चों को सुरक्षित महसूस कराकर अधिक आशावादी, जिज्ञासु और संप्रेषणीय बनने में मदद करते हैं। यह आसानी से तब किया जा सकता है, जब वयस्क बुनियादी स्तर पर बच्चों के लिए उपयुक्त अधिगम-शिक्षण सामग्री का उपयोग करते हैं।

## यह 'जादुई पिटारा' क्यों?

हम चाहते हैं कि हमारे बच्चे समग्र रूप से विकसित हों और यह तभी संभव है, जब हम विकास के विभिन्न आयामों को ध्यान में रखते हुए अधिगम-शिक्षण सामग्री के साथ-साथ स्वतंत्र खेल का समय प्रदान करें। बुनियादी स्तर पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए, एक उपयुक्त बाल केंद्रित शिक्षाशास्त्र और कक्षा का परिवेश आवश्यक है, जिसके लिए उपयुक्त शिक्षण सामग्री एक आवश्यक घटक है। व्यापक खेल सामग्री जो शिक्षण अवधारणाओं को आसान और बेहतर बनाती है, की आवश्यकता महसूस की गई है। अधिगम-शिक्षण सामग्री की इस क्षेत्र में काफी माँग रहती है, एक ओर बच्चों की बुनियादी सीखने की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए और दूसरी ओर शिक्षकों को समर्थ बनाने के लिए।

बच्चों के लिए प्रभावी और आनंदपूर्ण अधिगम मूर्त एवं प्रत्यक्ष अनुभव के माध्यम से ही संभव है। बच्चा अनुभव करके वस्तुओं के जोड़-तोड़ द्वारा और अपने परिवेश के साथ परस्पर बातचीत के द्वारा सीखता है। बुनियादी स्तर में शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया में मुख्य रूप से खेल और गतिविधियाँ शामिल होनी चाहिए। बुनियादी स्तर में विभिन्न आयामों को ध्यान में रखते हुए आयु उपयुक्त और विकास उन्मुख गतिविधियों के लिए अधिगम शिक्षण सामग्री की आवश्यकता होती है। विभिन्न अवधारणाओं के शिक्षण के लिए गुणवत्तापूर्ण कार्यक्रम और गतिविधियों की योजना बनाने के लिए शिक्षकों को उपयुक्त और पर्याप्त संख्या में अधिगम शिक्षण सामग्री की आवश्यकता हैं।

यह 'जादुई पिटारा' बुनियादी स्तर के लिए अधिगम-शिक्षण सामग्री 3–8 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए उपरोक्त सभी बातों को ध्यान में रखते हुए विकसित किया गया है। शिक्षक,





Jaadui Pitara A User's Manua Hindil.indd 3 06-Aug-24 10:26:20 AM

आयु और विकासात्मक रूप से उपयुक्त एल.टी.एम. के माध्यम से बच्चों को अपनी दबी हुई भावनाओं को व्यक्त करने में मदद करते हैं।

'जादुई पिटारा' में एल.टी.एम. छोटे बच्चों को अपना कौशल, सोचने, बोलने, वर्गीकृत करने, समस्या का समाधान करने, तर्क देने आदि को विकसित करने के लिए बनाया गया है। हमें आशा है कि यह अधिगम-शिक्षण सामग्री छोटे बच्चों की उत्सुकता को प्रोत्साहित करने, उनके हृदय को आनंद से भरने और उनकी जिज्ञासा को संतुष्ट करने में मदद करेगी।

> जब शिक्षक बच्चों को खिलौने और उपयुक्त शिक्षण सामग्री, तनावमुक्त और अनुकूल परिवेश प्रदान करते हैं तो वे छोटे बच्चों को सुरक्षित और खुश महसूस करने में मदद करते हैं।

## 'जादुई पिटारा' के अंदर क्या है?

यह पिटारा विभिन्न विकास के आयामों के लिए शिक्षण-अधिगम सामग्री से भरा है। प्रत्येक सामग्री को कक्षा गतिविधियों में मदद के लिए सावधानी से चुना गया है। पिटारे में प्रत्येक अधिगम सामग्री को आयु, विकास और बच्चों की रुचि के स्तर के आधार पर अलग-अलग तरीकों से उपयोग किया जा सकता है।

'जादुई पिटारा' उपयोगार्थ निर्देशिका/यूसर्ज मैनुअल छोटे बच्चों के साथ एल.टी.एम. का उपयोग करने में शिक्षक, शिक्षक-प्रशिक्षक और अभिभावकों की मदद के लिए तैयार की गई है। इस 'जादुई पिटारा' में 53 अधिगम शिक्षण सामग्री विभिन्न आयामों के विकास के लिए हैं। 'जादुई पिटारा' की ओर से एल.टी.एम. के संग्रह और प्रदर्शन के लिए एक फोल्डिंग बैग है। प्रत्येक सामग्री का विवरण उपयोगकर्ता के लिए प्रदान किया गया है।

## जादुई पिटारा का उपयोग कैसे कर सकते हैं?

बुनियादी स्तर की कक्षा में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए एक प्रेरक और सक्षम सीखने के परिवेश की आवश्यकता है और इस उम्र के लिए विकासात्मक रूप से उपयुक्त खिलौने और खेल सामग्री आवश्यक अवयव हैं। शिक्षकों और अभिभावकों के लिए जादुई पिटारा में प्रदान की गई खेल सामग्री के आस-पास आयु उपयुक्त खेल गतिविधियाँ बनाने के लिए पर्याप्त गुंजाइश है।

शिक्षक बच्चों के छोटे समूह बना सकते हैं और एल.टी.एम. प्रदान कर सकते हैं। यदि आपके स्कूल में गतिविधि या रुचि के क्षेत्र हैं तो इस सामग्री को आवश्यकतानुसार उन क्षेत्रों में रखें, अन्यथा आप सामग्री को फोल्डिंग बैग में रखकर और इसे किसी उपयुक्त स्थान पर लटका सकते हैं।

## (एल.टी.एम.) के उपयोग करने के दौरान सोचने के लिए कुछ निम्नलिखित उपयोगी सुझाव हैं

- सुरक्षा को प्राथमिकता दें— सुनिश्चित करें कि खेलने की जगह सुरक्षित और साफ हो। सभी सामग्री को साफ रखें। दिए गए बैग में आवश्यक सामग्री प्रदर्शित करें और इसे उपयुक्त जगह पर लटका दें। अन्य सामग्री को पिटारे में सावधानी से रखें।



Jaadui Pitara A User's Manua Hindil.indd 4 06-Aug-24 10:26:20 AM

- खेलने के लिए एक तनावमुक्त उत्तेजक परिवेश बनाएँ, जहाँ बच्चे सुरक्षित और स्नेहपूर्ण महसूस करें। प्रत्येक बच्चे को खेल सामग्री का उपयोग करने, खेलने और सीखने के अवसर दिए जाने चाहिए।
- यदि आपको आवश्यकता महसूस हो तो आप बच्चों को उनके विकास स्तर के अनुसार समूहों में बैठने की व्यवस्था कर सकते हैं। अगर कक्षा में अधिक बच्चे हो तथा एल.टी.एम. की मात्रा कम होने पर समूहों में एल.टी.एम. देने की सलाह दी जाती है। कम लागत वाली और बिना लागत वाली सामग्री विकसित करें, स्थानीय संदर्भ में स्वदेशी खेल सामग्री एकत्र करें और जादुई पिटारा में एल.टी.एम. जोड़ते रहें।
- अभिभावकों से स्वयं सेवा करने, अपने बच्चे के खेल के लिए समर्थन देने और प्रारंभिक शिक्षा में भागीदार बनने को कहें। अभिभावकों को स्कूली शिक्षा में शामिल करने का यह सर्वोत्तम संभव तरीका है। परिवारों को बच्चों के एक समूह को कहानी सुनाने के लिए प्रोत्साहित करें। हर महीने के लिए एक नियमित गतिविधि बनाएँ। इस बारे में विचार करें कि माता-पिता बच्चों के साथ कौन-सी गतिविधि कर सकते हैं। जहाँ भी आवश्यक हो उन्हें तैयार होकर आने को कहें और उन्हें सहयोग दें, इससे उन्हें, बच्चा बेहतर तरीके से कैसे सीखता है, जानने में मदद मिलेगी।
- दिनचर्या महत्वपूर्ण है—बच्चों पर निरंतर ध्यान देने की आवश्यकता होती है खासकर जब वे पहली बार एल.टी.एम. में कुछ खोज कर रहे हों या काम कर रहे हों। अपने दिन में कार्यक्रम की योजना बनाएँ, ताकि आप जान सकें कि कब गतिविधि क्षेत्रों में एल.टी.एम. के साथ खेलने का समय है या आप कब सर्कल टाइम के दौरान चित्र पठन वाले पोस्टर का इस्तेमाल करना चाहते हैं। इसी तरह, जब आप संज्ञानात्मक गतिविधि के दौरान वर्गीकरण कार्ड, पहेलियों का उपयोग करना चाहते हैं, इसके लिए पहले से योजना बनाना बहुत ज़रूरी है। प्रत्येक दिन में एक ही समय पर अपनी एल.टी.एम. संबंधी गतिविधियों को व्यवस्थित करने की कोशिश करें, उदाहरण के लिए—छोटे समूह में स्वतंत्र आंतरिक खेल।

नीचे कुछ निर्देश 'क्या करें' और 'क्या न करें' दिए हैं, जिन्हें जादुई पिटारा में दिए गए एल.टी.एम. का इस्तेमाल करते हुए ध्यान में रखना चाहिए—

| क्या करें | क्या न करें |
|---|---|
| केवल संबंधित सामग्री या खिलौनों को ही बाहर निकालें। | एक ही समय में सारी सामग्री बाहर न निकालें। |
| विविधता लाने के लिए अपना एल.टी.एम./खेल सामग्री बनाएँ और एकात्मकता कम करें। | केवल पिटारे में उपलब्ध कराई गई सामग्री पर निर्भर न रहें। |
| यदि कोई सामग्री टूट-फूट जाती है तो उसे तुरंत सुधारें वरना टूटे-फूटे टुकड़े खो सकते हैं। | किसी भी टूटी-फूटी सामग्री का प्रयोग न करें, क्योंकि इससे सामग्री या बच्चे को नुकसान हो सकता है। |





Jaadui Pitara A User's Manua Hindil.indd 5 06-Aug-24 10:26:20 AM

| | |
|---|---|
| सामग्री या खिलौनों को नियमित रूप से साफ करें। | बच्चों को गंदी, अस्वच्छ सामग्री या खिलौने न दें। |
| खेल सामग्री, खिलौनों, फ्लैशकार्ड्स, चित्र पठन पोस्टर से खेलने के भरपूर अवसर प्रदान करें। | मूर्त सामग्री के एक्सपोजर के बिना वर्कशीट न दें। |
| सामग्री के कोनों, रिम्स आदि की जाँच कर लें, ताकि बच्चों को किसी प्रकार की चोट न लगे। | बच्चों को वह सामग्री न दें जो उन्हें घायल कर सकती है या चोट पहुँचा सकती है। |
| 'जादुई पिटारा' में ट्रेनर्स हैंडबुक *उन्मुख* दी गई है, उसे पूरी तरह से पढ़ें और एल.टी.एम. का प्रयोग करके गतिविधियों का संचालन करें। | गतिविधियों को बेतरतीब तरीके से न करें, पढ़ें और निरंतरता के लिए योजना बनाएँ। |
| *आनंद* में दी गई वर्कशीट को समझें और मूर्त सामग्री के साथ भरपूर अनुभव व अवसर देने के बाद उनका उपयोग करें। | बच्चों को एल.टी.एम. और प्राकृतिक सामग्री के साथ अनुभव के बिना वर्कशीट न दें। |

यह उपयोगार्थ निर्देशिका (यूजर मैनुअल) आपको जादुई पिटारा में दिए गए एल.टी.एम. का उपयोग करने के लिए कई विचार देती है। इसके अलावा प्रत्येक एल.टी.एम. के लिए कई विविधताएँ सुझाई गई हैं, जिन्हें माता-पिता और शिक्षक बच्चों की जिज्ञासा और रुचि के स्तर को संतुष्ट करने के लिए कई अन्य प्रकार की खेल सामग्री और गतिविधियों को प्रस्तुत कर सकते हैं।

**'जादुई पिटारा' में सामग्री के अलावा, बच्चों को इसे बनाने व निर्मित अथवा सृजित करने (Do It Yourself) के लिए खेल सामग्री बनाने के लिए कम लागत वाली या बिना लागत वाली सामग्री या खेल सामग्री के संसाधन या खिलौनें भरपूर मात्रा में उपलब्ध कराए गए हैं।**



# गतिविधियाँ– स्वयं करें

नोट— 'जादुई पिटारा' में एल.टी.एम. अपनाया/उपयोग किया जा सकता है। इस बॉक्स में दिए गए कुछ एल.टी.एम. 13 भाषाओं में हैं, हालांकि आप एल.टी.एम. को उस भाषा में विकसित कर सकते हैं, जिसमें बच्चे सहज हों।

## जादुई पिटारा के लिए अधिगम-शिक्षण सामग्री की सूची

| क्रम संख्या | सामग्री/विषय/मद | विवरण | उद्देश्य |
|---|---|---|---|
| 1. | **संगीत वाद्ययंत्र—**<br>डफली, बाँसुरी और डमरू<br> | 3 | • श्रवण कौशल में सुधार करने के लिए और ध्वनि भेद विकसित करने के लिए।<br>• संगीत और लयात्मक गतिविधियों के दौरान मनोरंजन करने के लिए।<br>• तालमेल/सामंजस्य को बढ़ाने के लिए। |
| 2. | रस्सा सीढ़ी<br> | 1 | • स्थूल कौशल के विकास के लिए।<br>• शरीरिक के संतुलन को सुदृढ़ करने के लिए।<br>• आरोह और अवरोह की अवधारणा को विकसित करने के लिए। |
| 3. | बॉलिंग सेट<br> | 1 | • सूक्ष्म और स्थूल कौशलों विकास को सुदृढ़ करने के लिए।<br>• आँख और हाथ के समन्वय तथा संतुलन को बढ़ाने के लिए।<br>• गिनने के कौशल को विकसित करने के लिए। |
| 4. | हैमरिंग टॉय<br> | 1 | • सूक्ष्म कौशल विकसित करने के लिए।<br>• आँख-हाथ के समन्वय में सुधार करने के लिए।<br>• बच्चों को अपनी दबी हुई भावनाओं को व्यक्त करने में मदद करने के लिए। |

| क्रम संख्या | सामग्री/विषय/मद | विवरण | उद्देश्य |
|---|---|---|---|
| 5. | गेंद<br> | 1 | • सूक्ष्म माँसपेशियों के समन्वय और नियंत्रण के विकास के लिए।<br>• समाजिक कौशल को बढ़ावा देना। |
| 6. | छेद वाले मोती और डोरी<br> | मोतियों के साथ 6 लंबी डोरियाँ | • सूक्ष्म क्रियात्मक समन्वय को बढ़ावा देने के लिए।<br>• आँख–हाथ के समन्वय का विकास करना।<br>• रंग के अनुसार मोती पहचानने और वर्गीकृत करने के लिए। |
| 7. | बिल्डिंग ब्लॉक्स<br> | 36 काडुर्स | • सूक्ष्म क्रियात्मक कौशल विकसित करने के लिए।<br>• संज्ञानात्मक कौशल-पहचान, अवलोकन, वर्गीकरण समस्या-समाधान विकसित करने के लिए।<br>• कल्पना और रचनात्मकता को बढ़ावा देने के लिए।<br>• पूर्व-संख्या अवधारणा, जैसे— बड़ी-छोटी, लंबा-छोटा, विकसित करने के लिए। |
| 8. | लट्टू<br> | 1 | • उँगलियों की निपुणता विकसित करना और सूक्ष्म क्रियात्मक कौशल विकसित करना।<br>• आँख-हाथ के समन्वय को बढ़ाने के लिए।<br>• स्थानिक जागरूकता विकसित करना।<br>• ट्राईपॉड की पकड़ विकसित करने में मदद के लिए। |



Jaadui Pitara A User's Manua Hindil.indd 8 06-Aug-24 10:26:23 AM

| क्रम संख्या | सामग्री/विषय/मद | विवरण | उद्देश्य |
| --- | --- | --- | --- |
| 9. | लेसिंग बोर्ड के साथ डोरी  | एक बार्ड 4 डोरियाँ सहित | • आँख-हाथ के समन्वय में सुधार करने के लिए। <br> • दृष्टि विभेदीकरण कौशल विकसित करने के लिए। <br> • सूक्ष्म क्रियात्मक कौशल को बढ़ावा देने के लिए। <br> • *पिनसर* की पकड़ को विकसित करने में मदद के लिए। <br> • बच्चों में ध्यान देने की अवधि को बढ़ाने में मदद के लिए। |
| 10. | चकला-बेलन  | 1 चकला और 1 बेलन | • रचनात्मकता विकसित करने और कल्पना का विस्तार करने के लिए। <br> • सूक्ष्म क्रियात्मक कौशल को सुदृढ़ और सुधार करने के लिए। <br> • भूमिका निभाने और नाटकीय रूपांतर की सुविधा के लिए। |
| 11. | जिग्सॉ पहेली  | 2, 3 और 4 टुकड़े पहेली | • अंश और पूर्ण के आपसी संबंध का अनुभव करना। <br> • समस्या समाधान कौशल विकसित करना। <br> • आँख-हाथ के समन्वय को विकसित करने के लिए। <br> • सोच और कल्पना को प्रोत्साहित करने के लिए। <br> • टुकड़े वर्गीकृत और व्यवस्थित करने के लिए। |
| 12. | सेल्फ करैक्टिव रिलेशनशिप पज़ल  | 10 सेट्स × 2 टुकड़े = 20 | • अवलोकन कौशल को बढ़ाने के लिए। <br> • दो वस्तुओं के बीच संबंध को समझने के लिए। <br> • तार्किक सोच को बढ़ाने के लिए। |



Jaadui Pitara A User's Manua Hindil.indd 9 06-Aug-24 10:26:24 AM

| क्रम संख्या | सामग्री/विषय/मद | विवरण | उद्देश्य |
|---|---|---|---|
| 13. | स्पर्श थैली<br><br> | 5 चिकने ठोस आकार— गोलाकार घन, पिरामिड, बेलनाकार और अंडाकार (2 समान सेट्स) | • स्पर्श की समझ को विकसित करने के लिए<br>• आकारों की अवधारणा को विकसित करने के लिए।<br>• अलग-अलग आकारों को पहचानने और मिलान करने के लिए सेट्स।<br>• अवलोकन कौशल को बढ़ाने के लिए। |
| 14. | रंगीन श्रेणीबद्ध छल्ले<br> | 10 रंगीन श्रेणीबद्ध छल्ले, जोकर के सिर के साथ और एक स्टैंड = 12 टुकड़े | • शून्य क्रियात्मक कौशल को विकसित करने के लिए।<br>• रंग की पहचान करने और मिलान करने के लिए।<br>• पूर्वसंख्या अवधारणा (छोटे-बड़े) को विकसित करने के लिए।<br>• वस्तुओं को क्रम में व्यवस्थित करने के लिए (बड़े से छोटे और छोटे से बड़े) |
| 15. | रसोई सेट<br> | 14 टुकड़े | • रचनात्मकता और कल्पना विकसित करने के लिए।<br>• सामाजिक कौशल विकसित करने के लिए।<br>• भाषा और संप्रेषण कौशल में सुधार करने के लिए। |
| 16. | गुड्डा-गुड़िया<br> | 2 | • अपनी भावनाओं को व्यक्त करने के लिए।<br>• मौखिक भाव व्यक्त करने के विकास और विस्तार के लिए।<br>• सामाजिक भूमिकाओं और रिश्तों को समझने के लिए।<br>• अभिनय भूमिका के अवसर प्रदान करने के लिए।<br>• एक साथ काम करने के लिए प्रोत्साहित करना। |

| क्रम संख्या | सामग्री/विषय/मद | विवरण | उद्देश्य |
|---|---|---|---|
| 17. | स्मृति कार्ड्स<br> | 10 कार्ड्स | • अवलोकन कौशल को बढ़ाने के लिए।<br>• विभिन्न वस्तुओं की पहचान करने के लिए। |
| 18. | क्या गायब है?<br> | 10 पृष्ठों का एक छोटा स्पाइरल कैलेंडर | • अवलोकन कौशल को बढ़ाने के लिए।<br>• पुनः स्मृति और याद करने के कौशल को बढ़ाने के लिए।<br>• सोचने और समस्या समाधान करने के कौशल को विकसित करने के लिए। |
| 19. | पूर्व-संख्या अवधारणा कार्ड्स<br> | 5 सेट्स (प्रत्येक सेट में 5 वर्गीकृत वस्तु कार्ड्स) | • पहचान कर नाम देना और क्रम में लगाने के माध्यम से निम्नलिखित पूर्व-संख्या अवधारणा को विकसित करना—<br>(क) बड़ा-छोटा<br>(ख) मोटा-पतला<br>(ग) ऊँचा-छोटा<br>(घ) पास-दूर |
| 20. | चित्र कार्ड्स<br> | 50 कार्ड्स (प्रत्येक वर्ग के लिए 10 कार्ड्स) पक्षी, जानवर, परिवहन, कीट, फल सब्जियाँ | • संज्ञानात्मक कौशल जैसे मिलान करके पहचान करना, लेबल करना और वर्गीकरण जैसे कौशल विकसित करने लिए।<br>• शब्दावली बढ़ाने के लिए।<br>• पर्यावरणीय अवधारणाओं के बारे में बुनियादी जागरूकता विकसित करने के लिए। |
| 21. | रंग डोमिनो<br> | 28 | • रंग की पहचान और मिलान करने के लिए।<br>• परिवेश में उपलब्ध विभिन्न वस्तुओं के रंग को बताने या नाम देने के लिए। |

| क्रम संख्या | सामग्री/विषय/मद | विवरण | उद्देश्य |
|---|---|---|---|
| 22. | रंगीन क्रमबद्ध काड्र्स  | 4 सेट (प्रत्येक सेट में 4 अलग (ग्रेड) रंग काड्र्स) | • रंग के विभिन्न शेड्स यानि हल्के और गहरे रंग की पहचान करने के लिए।<br>• रंगों को हल्के से गहरे रंग में क्रमबद्ध करने के लिए और इसके विपरीत।<br>• अवलोकन कौशल विकसित करना। |
| 23. | क्रमबद्ध चिंतन काड्र्स  | 4 सेट्स | • क्रमिक सोच विकसित करने के लिए।<br>• शुरुआत और अंत की घटनाओं को समझने के लिए।<br>• तार्किक सोच और दृश्य कौशल विकसित करने के लिए।<br>• क्रम की अवधारणा को समझने के लिए पहले क्या आता है, फिर अगला क्या और इस प्रकार। |
| 24. | जोकर काड्र्स  | 9 काड्र्स | • अवलोकन कौशल को बढ़ाने के लिए।<br>• संज्ञानात्मक कौशल—पहचान, मिलान और वर्गीकरण कौशल को विकसित करने के लिए। |
| 25. | संख्या-बिंदु डोमिनो  | 28 | • संख्या पहचानने और मिलान करने के लिए।<br>• संख्या प्रतीकों को संबंधित बिंदुओं के साथ मिलान करने के लिए। |
| 26. | आकार वर्गीकरण बोर्ड डोरी के साथ  | 1 सेट में 4 आकृतियाँ | • आकृतियों को नाम देने और आकृतियों की श्रेणियों को जानने में मदद करने के लिए।<br>• आँख-हाथ में समन्वय के सुधार के लिए।<br>• सूक्ष्म क्रियात्मक कौशल के विकास के लिए। |



Jaadui Pitara A User's Manua Hindil.indd 12 06-Aug-24 10:26:29 AM

| क्रम संख्या | सामग्री/विषय/मद | विवरण | उद्देश्य |
|---|---|---|---|
| 27. | जूनियर अबेकस<br> | 1 | • छोटे बच्चों में आधारभूत संख्या कौशल का विकास करने के लिए।<br>• संख्या कौशल में विकास और उसे बेहतर बनाने के लिए।<br>• साधारण जोड़ने, घटाने और अन्य सरल गणितीय क्रियाकलाप को क्रियान्वित करने में मदद के लिए।<br>• समस्या-समाधान कौशल की क्षमता को बढ़ाने के लिए। |
| 28. | संख्या ट्रेसिंग कार्ड्स<br><br> | 10 | • सूक्ष्म क्रियात्मक कौशल विकसित करने के लिए।<br>• अंक चिह्न की पहचान विकसित करने के लिए।<br>• सही संख्या प्रतीकों की सुव्यवस्थित बनावट विकसित करने के लिए। |
| 29. | सॉलिड वेल्क्रो आकृति<br> | 1 सेट | • ठोस और उनकी रचना के बारे में पता लगाने और जानने के लिए।<br>• उनके गुण के बारे में सहज ज्ञान संबंधी विकास करने के लिए।<br>• अपने आस-पास के संदर्भ में 3डी आकृतियों की वस्तुओं का निरीक्षण और पहचान करने के लिए। |
| 30. | टाइल्स<br> | रंगीन आकारों का 1 सेट | • विभिन्न 2डी आकृतियों के गुणों का अवलोकन करने के लिए।<br>• बच्चों को अपने खुद के पैटर्न बनाने में सक्षम करने के लिए।<br>• स्थान और क्षेत्र के बारे में सहज ज्ञान संबंधी समझ विकसित करने के लिए।<br>• गिनती और वर्गीकरण के कौशल को सशक्त बनाने के लिए। |

| क्रम संख्या | सामग्री/विषय/मद | विवरण | उद्देश्य |
|---|---|---|---|
| 31. | स्थानीय मान काड्‌र्स<br> | 1 सेट | • संख्या के मान के आधार पर संख्याओं का वर्गीकरण करने के लिए।<br>• तार्किक सोच एवं विचार विकसित करने के लिए।<br>• संख्याओं में इकाई और दहाई की समझ विकसित करने के लिए। |
| 32. | **चित्र पठन पोस्टर्स**—<br>• गेहूँ का सफर<br>• फलों की मौज<br>• रंगों भरा समंदर<br>• पार्क दृश्य<br>• बाजार दृश्य<br>• रेलवे स्टेशन<br>• सड़क दृश्य<br>• गाँव का दृश्य<br>• जंगल का दृश्य<br> <br><br><br><br> <br> | 9 चित्र पठन पोस्टर | • अवलोकन कौशल को बढ़ाने के लिए।<br>• मौखिक अभिव्यक्ति विकसित करने के लिए।<br>• कल्पना शक्ति और अभिव्यक्ति कौशल को विकसित करने के लिए।<br>• पूरा और संरचित वाक्य बोलने के लिए प्रोत्साहित करना। |

| क्रम संख्या | सामग्री/विषय/मद | विवरण | उद्देश्य |
|---|---|---|---|
| 33. | **कविता पोस्टर्स—**<br>1. मकड़ी की आँखें<br>2. माँ की अलमारी<br>3. मस्त कलंदर<br><br><br> | 3 कविता पोस्टर्स | • बच्चों को शब्द, ध्वनि, भाषा रचना को सीखने में मदद करने के लिए।<br>• बच्चों को बुनियादी साक्षरता कौशल सीखने में मदद करने के लिए।<br>• स्मृति कौशल को बढ़ाने के लिए।<br>• मुद्रित सामग्री में बच्चों की रुचि जगाने के लिए उन्हें प्रोत्साहित करना। |
| 34. | कहानी कार्ड्स<br><br> | 5 कहानी कार्ड सेट्स (प्रत्येक सेट में 5 कार्ड्स हैं) | • सुनने और बोलने के कौशल का विकास करने के लिए।<br>• बुनियादी शब्दावली का निर्माण करने के लिए।<br>• क्रमिक सोच विकसित करने के लिए।<br>• किताब संभालने और पढ़ने में रुचि के कौशल को विकसित करने के लिए।<br>• बच्चों को बाएँ से दाएँ पढ़ने के लिए तैयार करना। |
| 35. | दस्ताना पुतल<br> | 2 (शेर और खरगोश) | • कल्पना और रचनात्मकता कौशल को विकसित करने के लिए।<br>• पूरा और संरचित वाक्य बोलने के लिए प्रोत्साहित करना।<br>• सूक्ष्म क्रियात्मक कौशल विकसित करने के लिए। |

Jaadui Pitara A User's Manua Hindil.indd 16 06-Aug-24 10:26:55 AM

| क्रम संख्या | सामग्री/विषय/मद | विवरण | उद्देश्य |
|---|---|---|---|
| 41. | अंग्रेज़ी वर्णमाला ट्रेसिंग बोर्ड  | एक बोर्ड लकड़ी के लेखन उपकरण के साथ | • आँख-हाथ के समन्वय कौशल को बेहतर बनाने के लिए। <br> • उँगलियों और हाथों का स्पष्ट एवं सही संचलन प्रदान करने के लिए। (पूर्व-लेखन कौशल) <br> • ध्यान अवधि और ध्यान केंद्रित करने की क्षमता को बेहतर बनाने के लिए। <br> • अक्षर, शब्द लिखने और आरेखन की नींव तैयार रखने के लिए। |
| 42. | अंग्रेज़ी वर्णमाला ट्रेसिंग कार्ड्स  | 26 | • दृश्य संबंधी समझ को बेहतर बनाने के लिए। <br> • सूक्ष्म क्रियात्मक कौशल विकसित करने के लिए। <br> • सही अक्षर पहचानने का कौशल विकसित करने के लिए। <br> • सही अक्षर निर्माण करने और उसकी सगंत ध्वनियों के लिए। |
| 43. | हिंदी वर्णमाला (स्वर ट्रेसिंग कार्ड्स)  | 12 | • बच्चों में दृष्टि संबंधी समझ विकसित करना। <br> • सूक्ष्म क्रियात्मक कौशल विकसित करने के लिए। <br> • सही अक्षर पहचानने का कौशल विकसित करने के लिए। <br> • सही अक्षर निर्माण करने और उसकी संगत ध्वनियों के लिए। |
| 44. | हिंदी वर्णमाला (व्यंजन ट्रेसिंग कार्ड्स)  | 36 | • बच्चों में दृश्य संबंधी समझ विकसित करना। <br> • सूक्ष्म क्रियात्मक कौशल विकसित करने के लिए। <br> • सही अक्षर पहचानने का कौशल विकसित करने के लिए। <br> • सही अक्षर निर्माण करने और उसकी संगत ध्वनियों के लिए। |

| क्रम संख्या | सामग्री/विषय/मद | विवरण | उद्देश्य |
|---|---|---|---|
| 45. | वर्णमाला चार्ट (अंग्रेजी)   | 1 | • मूलभूत साक्षरता कौशल के विकास में मदद के लिए। <br>• अक्षरों के क्रम को जानने के लिए। <br>• अलग-अलग अक्षरों को पहचानने और अक्षरों की ध्वनि को पहचानने के लिए। |
| 46. | स्वर चार्ट   | 1 | • मूलभूत साक्षरता कौशल विकसित करने के लिए। <br>• अक्षरों के क्रम को जानने के लिए। <br>• अलग-अलग अक्षरों को पहचानने और अक्षरों की ध्वनि को पहचानने के लिए। |
| 47. | व्यंजन चार्ट   | 1 | • मूलभूत साक्षरता कौशल के विकास में मदद के लिए। <br>• अक्षरों का क्रम जानने के लिए। <br>• अलग-अलग अक्षरों को पहचानने और अक्षरों की ध्वनि को पहचानने के लिए। |
| 48. | बरखा कहानी शृंखला   | 40 कहानियों की पुस्तकों का 1 सेट | • छोटे बच्चों में पढ़ने के कौशल को सुगम बनाने के लिए। <br>• प्रारंभिक पठन पद्धति निरंतरता में मदद के लिए शृंखलाबद्ध शिक्षण के लिए प्रोत्साहित करना। <br>• रुचिकर कहानी शृंखला में युवा पाठकों को जोड़े रखने के लिए। |
| 49. | आनंद गतिविधि पुस्तक (बालवाटिका वर्कशीट)   | 2 | • एकीकृत कार्यपत्रक (वर्कशीट) जो विकास के पाँचों आयामों को प्रदान करना ध्यान में रखकर तैयार किए गए है। <br>• शिक्षक या अभिभावकों को अनुकरणीय (examplary) वर्कशीट प्रदान करना जिन्हें छोटे बच्चों के साथ किया जा सकता है। <br>• एकीकृत कार्यपत्रक (वर्कशीट) के माध्यम से बच्चों को स्कूल के लिए तैयार करना। <br>• सूक्ष्म क्रियात्मक कौशल, तार्किक सोच और शब्दावली को विकसित करने के लिए। |



Jaadui Pitara A User's Manua Hindil.indd 18 06-Aug-24 10:27:01 AM

| क्रम संख्या | सामग्री/विषय/मद | विवरण | उद्देश्य |
| --- | --- | --- | --- |
| 50. | *उन्मुख*—बालवाटिका के लिए हैंडबुक/निर्देशिका   | 1 | • बुनियादी स्तर के 3–6 वर्ष की आयु के बच्चों के साथ व्यवहार करने के लिए तथा शिक्षकों को सक्षम बनाने के लिए।<br>• अनुभवी प्रशिक्षक और पूर्व स्कूली शिक्षकों को योग्यता आधारित गतिविधियों के दिलचस्प तरीके से आयोजन के लिए मार्गदर्शन प्रदान करना।<br>• बच्चों के सीखने के अनुभवों को बेहतर बनाने के लिए तथा शिक्षकों और हितधारकों को क्षमता निर्माण करने के लिए उचित अवसर प्रदान करना। |
| 51. | अधिगम सामग्री के संग्रह और प्रदर्शन के लिए जेब के साथ फोल्डिंग बैंग  | 1 | • शिक्षक इस थैले को शिक्षण सामग्री रखने के लिए उपयोग कर सकते हैं और इसे कक्षा में टांग सकते हैं। शिक्षक थैले के जेबों पर शिक्षण सामग्री का नाम भी लिख सकते हैं। |
| 52. | लुप्त हो रहा मेंढक—एक जादुई तरकीब  | 1 | • आलोचनात्मक सोच कौशल विकसित करना<br>• दृश्य–अवधारणात्मक कौशल विकसित करना<br>• कल्पना और रचनात्मकता का विस्तार करना |

## 1. संगीत वाद्ययंत्र—डफली, बाँसुरी और डमरू

| | | |
|---|---|---|
| संख्या | - | 1 डफली, 1 बाँसुरी, 1 डमरू |
| गतिविधि का प्रकार | - | छोटे या बड़े समूह में प्रयोग किया जा सकता है। |
| उद्देश्य | - | • श्रवण कौशल को बेहतर बनाना और ध्वनि विभेदीकरण कौशल को विकसित करना।<br>• संगीत और लयात्मक गतिविधियों के दौरान मस्ती।<br>• संवेदी विकास में मदद के लिए।<br>• सीखने के लिए प्रतिक्रिया देना।<br>• ताल की समझ को बढ़ाने के लिए।<br>• धीमी और तेज़ गति को समझने के लिए। |
| उपयोग की विधि | - | • ये ताल वाद्ययंत्र है।<br>• इनका उपयोग छोटे और बड़े समूह दोनों में किया जा सकता है, उदाहरण के लिए— शिक्षक डफली पर थाप देगा और बच्चे उस ताल पर गतिविधि के दौरान घूमेंगे।<br>• शिक्षक एक गतिविधि से दूसरी गतिविधि में स्थानांतरण के समय, बाह्य खेलों के दौरान, तुकबंदी या कविता गाते समय, डफली का प्रयोग कर सकते हैं।<br>• शिक्षक बच्चों को खिलाते समय, संगीत और लयात्मक गतिविधियों के दौरान उनको डफली बजाने के लिए प्रोत्साहित कर सकते हैं।<br>• इसी प्रकार शिक्षक संगीत और लयात्मक गतिविधियों के दौरान डमरू और बाँसुरी का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित कर सकते हैं। गाते समय इसका उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित कर सकते हैं। |
| विविधताएँ | | (i) स्थानीय संगीत वाद्ययंत्र को एकत्रित करना और उसका उपयोग करना। बड़े बच्चों को शामिल कर उपराग और डी.आई.वाई. संगीत वाद्य यंत्र बनाएँ।<br>(ii) यदि संभव हो तो आप संगीत और लयात्मक गतिविधि क्षेत्र बना सकते हैं और बच्चों को गाने, वाद्ययंत्र के साथ अन्वेषण करने और उन्हें बनाने का अवसर प्रदान करें। |





Jaadui Pitara A User's Manua Hindil.indd 20 06-Aug-24 10:27:02 AM

## 2. रस्सा सीढ़ी

| | | |
|---|---|---|
| संख्या | - | 1 रस्सी की सीढ़ी |
| गतिविधि का प्रकार | - | व्यक्तिगत रूप से उपयोग किया जा सकता है। |
| उद्देश्य | - | • रस्सी की सीढ़ी का उपयोग बच्चे को स्थूल क्रियात्मक विकास के लिए आंतरिक और बाह्य खेलों के रूप में अवसर प्रदान किए जा सकते हैं, विशेष रूप से ऊपर और नीचे चढ़ना।<br>• आप एक मज़बूत हुक की मदद से सीढ़ी को सुरक्षित रूप से लटका सकते हैं और बच्चों को एक-एक करके सीढ़ी का उपयोग करने दें। |
| विविधताएँ | - | (i) आप सीढ़ी को फर्श पर भी फैला सकते हैं और बच्चों को प्रत्येक पायदान पर कूदने के लिए कहें। कूदने के लिए रस्सी का उपयोग भी आप कर सकते हैं। आप बच्चे को फैलाई हुई रस्सी पर एक उछाल और एक छलाँग लगाने के लिए कह सकते हैं।<br>(ii) रस्सा सीढ़ी से कूदते समय बड़े बच्चों को हाथ क्रॉस करने के लिए कहें। |



## 3. बॉलिंग सेट

| | | |
|---|---|---|
| संख्या | - | 5 बॉलिंग पिन के सेट के साथ एक बॉल |
| गतिविधि का प्रकार | - | व्यक्तिगत रूप से या छोटे समूह में उपयोग किया जा सकता है। |
| उद्देश्य | | • सूक्ष्म और स्थूल क्रियात्मक कौशल को सक्षम बनाना।<br>• अवलोकन कौशल को बढ़ाने के लिए।<br>• आँख-हाथ समन्वय और संतुलन बढ़ाने के लिए।<br>• संख्या कौशल को विकसित करने के लिए। |
| उपयोग की विधि | - | • बॉलिंग सेट को एक पंक्ति में रखें और बच्चों को गेंद देकर उन्हें बॉलिंग सेट की ओर नीचे रोल करते हुए बॉलिंग सेट को नीचे गिराने को कहें।<br>• बच्चों को अपनी बारी लेने दें।<br>• बच्चों को देखने दें और गिनने दें उन्होंने कितनी पिंस को गिराया और अभी भी कितनी खड़ी हैं? (बच्चों के संख्या कौशल पर ध्यान दें।)<br>• सही गणित शब्दावली का प्रयोग करें और प्रश्न पूछें, जैसे— कितने बॉलिंग सेट खड़े हैं? और कितने गिर गए? इत्यादि। |
| विविधताएँ | - | (i) बच्चों को कागज के कप इकट्ठा करने को कहें और उन्हें बॉलिंग कप के टॉवर बनाने के लिए प्रोत्साहित करें।<br>(ii) बच्चों को बॉलिंग सेट के साथ एक टॉवर बनाने को कहें। |





Jaadui Pitara A User's Manua Hindil.indd 22 06-Aug-24 10:27:07 AM

## 4. हैमरिंग टॉय

| | | |
|---|---|---|
| संख्या | - | 1 हथौड़ा |
| गतिविधि का प्रकार | - | व्यक्तिगत |
| उद्देश्य | - | • सूक्ष्म क्रियात्मक कौशल को विकसित करना।<br>• आँख-हाथ समन्वय को बेहतर बनाने के लिए।<br>• बच्चों को दबी हुई भावनाओं को बाहर निकालने में मदद करने के लिए। |
| उपयोग की विधि | - | • यह एक व्यक्तिगत गतिविधि है।<br>• चीजें कैसे स्थापित करते हैं, हैमरिंग टॉय यह समझाने में बच्चों की मदद करता है<br>• बच्चों को हैमरिंग टॉय का कैसे उपयोग करना चाहिए इसकी समझ विकसित करता है। |





Jaadui Pitara A User's Manua Hindil.indd 23 06-Aug-24 10:27:09 AM

## 5. गेंद

| | | |
|---|---|---|
| संख्या | - | 1 |
| गतिविधि का प्रकार | - | व्यक्तिगत रूप से या समूह में किया जा सकता है। |
| उद्देश्य | - | • स्थूल माँसपेशियों में समन्वय और नियंत्रण विकसित करना।<br>• सामाजिक कौशलों को बढ़ावा देना। |
| उपयोग की विधि | - | बच्चों के साथ आयु उपयुक्त और विकासात्मक रूप से उपयुक्त स्थूल क्रियात्मक गतिविधियों की योजना बनाई और संचालित की जा सकती है। शिक्षक निम्नलिखित बाह्य और आंतरिक गतिविधियों की योजना बना सकते है—<br>• गोले में फेंकना और पकड़ना<br>• निशाने पर फेंकना (जैसे— गेंद टोकरी के अंदर फेंकना)<br>• रोलिंग<br>• उछालना<br>• चकमा देना |
| विविधताएँ | - | (i) बच्चों की आयु और विकासात्मक स्तर के अनुसार 'बॉल गेम्स' की योजना बनाएँ।<br>(ii) बच्चों को पेपर बॉल पुराने अखबार को फाड़कर गेंद बनाने में शामिल करें। |






Jaadui Pitara A User's Manua Hindil.indd 24 06-Aug-24 10:27:10 AM

## 6. छेद वाले मोती और डोरी

| | | |
|---|---|---|
| संख्या | - | 6 मोती और एक लंबी डोरी के साथ |
| गतिविधि का प्रकार | - | व्यक्तिगत रूप से या छोटे समूह में किया जा सकता है। |
| उद्देश्य | - | • सूक्ष्म माँसपेशियों में समन्वय को बढ़ावा देना।<br>• आँख-हाथ समन्वय को विकसित करने के लिए।<br>• कल्पना शक्ति को प्रोत्साहित करने के लिए।<br>• रंग के अनुसार मोतियों की पहचान और वर्गीकरण करना। |
| उपयोग की विधि | - | • डोरी के एक सिरे पर एक बड़ी और कसी हुई गाँठ बाँधें और गतिविधि प्रदर्शित करें।<br>• बच्चों को एक छोटे समूह में मोतियों को पिरोने दें।<br>• बच्चे जिस तरह से पंसद करते हैं, उन्हें माला पिरोने के लिए प्रोत्साहित करें।<br>• फिर बच्चों को रंग के अनुसार क्रम में मनके पिरोने के लिए प्रोत्साहित करें, जैसे— लाल, पीला, लाल, पीला, लाल.......... |
| विविधताएँ | - | (i) बच्चों को अलग से विभिन्न रंग छाँटने के लिए कहें।<br>(ii) बच्चों को मोतियों की गिनती करने को कहें। |



## 7. बिल्डिंग ब्लॉक्स

| | | |
|---|---|---|
| संख्या | - | 36 ब्लॉक्स |
| गतिविधि का प्रकार | - | व्यक्तिगत रूप से या छोटे समूह में की जा सकती है। |
| उद्देश्य | - | • सूक्ष्म क्रियात्मक कौशल विकसित करना।<br>• संज्ञानात्मक कौशल विकसित करना— पहचानना, अवलोकन, वर्गीकरण, समस्या समाधान।<br>• रचनात्मकता और कल्पनाशीलता को बढ़ावा देना।<br>• पूर्वसंख्या अवधारणा को विकसित करना, जैसे— बड़ा-छोटा, ऊँचा-नीचा, लंबा-नाटा। |
| उपयोग की विधि | - | • स्वतंत्र आंतरिक खेल के दौरान इन ब्लॉक्स को प्रदान करें। (ब्लॉक्स को आसानी से उपलब्ध स्थान पर खुला रखें)<br>• बच्चों को अपनी स्वयं की संरचनाएँ बनाने दें।<br>• निरीक्षण करें कि बच्चे कैसे निर्माण करते हैं। जब बच्चों को आपके मार्गदर्शन की आवश्यकता हो केवल तभी हस्तक्षेप करें। |
| विविधताएँ | | (i) बच्चों को ब्लॉक की आकृति और आकार के अनुसार वर्गीकृत करने दें। बड़े बच्चों को किसी भी ब्लॉक की आउटलाइन को पेपर पर ट्रेस करने दें और उन्हें क्रेयान के साथ आकृति के अंदर रंग भरने दें।<br>(ii) आप ब्लॉक निर्माण गतिविधि के दौरान खिलौना, कार तथा गुड़िया जैसी सामग्री प्रदान कर सकते हैं। |





Jaadui Pitara A User's Manua Hindil.indd 26 06-Aug-24 10:27:11 AM

## 8. लट्टू

| | | |
|---|---|---|
| संख्या | - | 1 |
| गतिविधि का प्रकार | - | व्यक्तिगत, छोटा समूह, संपूर्ण समूह। |
| उद्देश्य | - | • उँगलियों की निपुणता और सूक्ष्म क्रियात्मक कौशल का विकास करना।<br>• आँख-हाथ समन्वय को बढ़ाने के लिए।<br>• स्थानीय जागरूकता विकसित करना।<br>• पकड़ विकसित करने में मदद के लिए। |
| उपयोग की विधि | - | • डोरी के साथ लट्टू के खेल का प्रदर्शन करें।<br>• बच्चों को जोर से गिनने को कहें कि लट्टू कितने समय तक घूमता है।<br>• बड़े बच्चों को उन्हें गिनने और समय लिखने को कहें और उनकी तुलना अन्य के साथ करें।<br>• आप बच्चों को सूची बनाने के लिए प्रोत्साहित कर सकते हैं— कम समय से लंबे समय तक, लट्टू के घूमने का समय लिखें। |
| विविधताएँ | - | (i) छोटे बच्चों को घूमने और लुढ़कने वाले खिलौने उपलब्ध कराएँ जिन्हें वे तीन अंगुलियों का उपयोग कर स्पिन कर सकते हैं। (बिना डोरी के)<br>(ii) बच्चों को छोटे समूह में 5–6 लट्टू प्रदान करें। उन्हें खेलने दें और अवलोकन करें।<br>(iii) अभ्यास के लिए शुरुआत में बच्चों को छोटी गेंदें खेलने को दे सकते हैं।<br>(iv) जादुई पिटारा में अलग-अलग आकार के रंगीन लट्टू जोड़े सकते हैं। |





Jaadui Pitara A User's Manua Hindil.indd 27 06-Aug-24 10:27:11 AM

## 9. लेसिंग बोर्ड के साथ डोरी

| | | |
|---|---|---|
| संख्या | - | 1 बोर्ड 4 डोरी के साथ |
| गतिविधि का प्रकार | - | व्यक्तिगत |
| उद्देश्य | - | • आँख-हाथ के समन्वय को बेहतर बनाना।<br>• दृश्यबोधात्मक कौशल को विकसित करने के लिए।<br>• सूक्ष्म क्रियात्मक कौशल को बढ़ावा देने के लिए।<br>• अँगूठे और तर्जनी की पकड़ को विकसित करने में मदद के लिए।<br>• बच्चों में ध्यान देने की अवधि और उपस्थिति बढ़ाने में मदद के लिए। |
| उपयोग की विधि | - | • लेस बोर्ड पर डोरी का उपयोग करते हुए आकृति बनाकर कुछ उदाहरण प्रस्तुत करें।<br>• बाद में बच्चों को रंग-बिरंगी डोरियाँ प्रदान करें और उस पर उन्हें अक्षर, संख्या और विभिन्न आकृति बनाने के लिए प्रोत्साहित करें। |
| विविधताएँ | - | (i) डोरी के स्थान पर रंगीन रिबन प्रदान कर सकते हैं।<br>(ii) आप डी-आई-वाई लेसिंग बोर्ड बना सकते हैं (पुराने रजिस्टर के कवर का उपयोग करके) बड़े बच्चों को छोटे छेद के साथ पतली डोरी दें।<br>(iii) अलग-अलग आकार के डी-आइ-वाई लेसिंग कार्ड प्रदान करें। |



## 10. चकला-बेलन

| | | |
|---|---|---|
| संख्या | - | 1 चकला और 1 बेलन |
| गतिविधि का प्रकार | - | व्यक्तिगत, छोटा समूह और सम्पूर्ण समूह |
| उद्देश्य | - | • रचनात्मकता का विकास और कल्पनाशीलता का विस्तार करना।<br>• सूक्ष्म क्रियात्मक कौशल को बेहतर बनाने के लिए। |
| उपयोग की विधि | - | • सामग्री को 'गुड़िया' के क्षेत्र में रखें।<br>• बच्चों को रसोई सेट को खिलौनें के रूप में इस्तेमाल करने दें। |
| विविधताएँ | - | (i) बड़े बर्तन मे गीला पेंट और ब्रश प्रदान करें और बच्चों को बेलन पर रंग लगाने के लिए कहें तथा इसे अखबार पर रोल करने के लिए कहें और रचनाओं का आनंद लें।<br>(ii) लंबे सूत के धागे ले उन्हें अलग-अलग रंग में डुबाएँ और उन्हें बेलन पर लपेटकर कागज़ पर बेलन को घुमाएँ।<br>(iii) आप बच्चों को खाने-योग्य आटा भी दें सकते हैं और बच्चों को बेलन से आटा बेलने दें। |



## 11. जिग्सॉ पहेली

| | | |
|---|---|---|
| संख्या | - | 2, 3 और 4 टुकड़ों वाली पहेली |
| गतिविधि का प्रकार | - | व्यक्तिगत रूप से या समूह में किया जा सकता है। (छोटा/बड़ा) |
| उद्देश्य | - | • अंश-पूर्ण संबंध को समझना।<br>• समस्या समाधान कौशल विकसित करना।<br>• आँख-हाथ समन्वय को विकसित करना।<br>• सोच और कल्पना को प्रोत्साहित करने के लिए।<br>• टुकड़ों को वर्गीकृत और व्यवस्थित करने के लिए। |
| उपयोग की विधि | - | • इस सामग्री को जोड़-तोड़ या गणित क्षेत्र में रखा जा सकता है।<br>• बच्चों को प्रदर्शित करें कि वे पहेली को कैसे हल और पूरा करें। बच्चों को कुछ समय के लिए पूरी तस्वीर को देखने दें।<br>• बच्चों द्वारा पहेली को अपने दम पर पूरा करने के लिए टुकड़ों को व्यवस्थित करने के लिए प्रोत्साहित करें।<br>• जब बच्चे 4 टुकड़ों के साथ पहेलियाँ बना लें तो अधिक टुकड़ों के साथ कोशिश करें। |
| विविधताएँ | - | (i) डी.आई.वाई. पहेली— पुरानी पत्रिकाओं से बड़ी तस्वीरें लें, इन तस्वीरों को मोटे बोर्ड पर चिपकाएँ और 5–6 टुकड़ों में काट दें और बच्चों को टुकड़े जोड़कर पहेली बनाने को कहें।<br>(ii) 3 वर्ष की आयु से बड़े बच्चों के लिए 2 टुकड़ों वाली पहेली 4 वर्ष की आयु से बड़े बच्चों के लिए 2 और 3 टुकड़ों वाली तथा 5 वर्ष की आयु से बड़े बच्चों के लिए 3 और 4 टुकड़ों वाली पहेलियों के दें।<br>(iii) ऐसे ही आयु और विकासात्मक रूप से उपयुक्त विभिन्न अवधारणाओं और विषयवस्तु पर आधारित पहेली बनाएँ। स्थानीय रूप से उपलब्ध सामग्री का उपयोग कर कुछ अतिरिक्त पहेलियाँ बनाएँ।<br>(iv) अक्षरों और संख्याओं के चित्रों के साथ वर्णमाला और संख्या पहेली बनाएँ। |



## 12. स्व-सुधारात्मक तर्क कार्ड

| | | |
|---|---|---|
| संख्या | - | 10 सेट × 2 टुकड़े = 20 |
| गतिविधि का प्रकार | - | व्यक्तिगत रूप से या एक छोटे समूह में किया जा सकता है। |
| उद्देश्य | - | • अवलोकन कौशल को बढ़ाना।<br>• वस्तुओं के बीच के संबंध को समझने के लिए।<br>• तार्किक सोच को बढ़ाने के लिए। |
| उपयोग की विधि | - | • इस सामग्री का उपयोग उसी तरह से किया जाएगा, जैसे— जिग्सॉ पहेली।<br>• स्व-सुधारात्मक पहेली ऐसे विकसित की जाती है जो बच्चों को उपयुक्त टुकड़ा खोजने में मदद करेगा कि प्रत्येक पहेली के लिए एक अलग कट।<br>• सारे टुकडे बच्चों के सामने फैला दें और गतिविधि प्रदर्शित करें।<br>• फिर बच्चों को उपयुक्त टुकड़ा खोजने और संबंध कार्ड को पूरा करने के लिए प्रोत्साहित करें।<br>• उन्हें यह पता लगाने के लिए कहें कि 'कौन किसके साथ जाता है' या 'साथी ढूँढो'। |
| विविधताएँ | - | आयु उपयुक्त जटिलता के साथ विभिन्न चित्रों का उपयोग करके ऐसे ओर कार्ड बनाएँ। |



## 13. स्पर्श थैली

| | | |
|---|---|---|
| संख्या | - | 5 चिकनी ठोस आकृतियाँ— गोला, घन, पिरामिड, बेलनाकार और अंडाकार। (2 समान सेट्स) |
| गतिविधि का प्रकार | - | व्यक्तिगत रूप से या समूह में किया जा सकता है। |
| उद्देश्य | - | • स्पर्श की समझ को बढ़ाना।<br>• आकृतियों की अवधारणा को विकसित करना।<br>• विभिन्न आकृतियों को पहचानने और मिलान करने के लिए।<br>• अवलोकन कौशल को बढ़ाने के लिए।<br>• विभिन्न आकृतियों को तत्काल परिवेश में उपस्थित वस्तुओं से संबंध स्थापित करना। |
| उपयोग की विधि | - | • यह सामग्री छोटे बच्चों में स्पर्श की समझ को बढ़ाने के लिए है।<br>• ठोस आकार के दोनों सेट्स को फीली बैग में रखें।<br>• गतिविधि का प्रदर्शन करें।<br>• बच्चों की फीली बैग और उसमें उपस्थित वस्तुएँ दिखाएँ।<br>• फीली बैग में अपना हाथ डालें और महसूस करने के लिए एक आकृति/वस्तु चुनें।<br>• उस वस्तु/आकृति को बाहर निकालें और फिर से महसूस करें।<br>• आकृति को टेबल/फर्श पर रखें।<br>• अपना हाथ फिर से फीली बैग के अंदर डालें और समान वस्तु को अनुभव करके खोजें और बाहर निकालें।<br>• अब बच्चे को भी ऐसा करने को कहें और उसे खुद प्रयास करने दें। (बच्चे को वस्तु को महसूस करने के लिए याद दिलाएँ)<br>• प्रत्येक बच्चे को इसे एक-एक करने के लिए दें।<br>• इसे ठोस आकृतियों के साथ करने के बाद शिक्षक विभिन्न वस्तुओं का उपयोग करें। प्रत्येक बच्चे को बारी-बारी फीली बैग में रखी वस्तुओं को छूने, महसूस करने और अनुमान लगाने दें। |
| विविधताएँ | - | बच्चों की रुचि बनाए रखने के लिए फीली बैग में रखी वस्तुओं को जोड़ते और बदलते रहें। |



## 14. रंगीन छल्ले

| | | |
|---|---|---|
| संख्या | - | 12 श्रेणीबद्ध रूप में |
| गतिविधि का प्रकार | - | व्यक्तिगत रूप से या समूह में किया जा सकता है। (छोटा/बड़ा) |
| उद्देश्य | - | • सूक्ष्म माँसपेशियों को विकसित करना।<br>• रंग की पहचान और मिलान करने के लिए।<br>• पूर्व-संख्या अवधारणा (बड़ा-छोटा) विकसित करने के लिए।<br>• वस्तुओं को क्रम में व्यवस्थित करने के लिए। (बड़े से छोटा और छोटे से बड़ा)<br>• आकार की अवरोही और आरोही की अवधारणा को विकसित करने के लिए। |
| उपयोग की विधि | - | • इस सामग्री को स्वतंत्र खेल के दौरान प्रदान करें या इन क्रमिक श्रेणीबद्ध छल्लों को जोड़-तोड़ के क्षेत्र में रखें।<br>• बच्चों को श्रेणीबद्ध छल्लों को व्यवस्थित करने के लिए प्रोत्साहित करें और उसे मीनार के समान खड़ा करने को कहें।<br>• बच्चों को रंगों के बारे में बात करने दें। |
| विविधताएँ | - | (i) पूर्व-संख्या अवधारणा और रंग की अवधारणा की योजना विकसित करने इन रंगीन श्रेणीबद्ध के लिए छल्लों का उपयोग करें।<br>(ii) इन छल्लों का उपयोग 'आउटलाइन के साथ ट्रेसिंग' के लिए करें। |





Jaadui Pitara A User's Manua Hindil.indd 33 06-Aug-24 10:27:12 AM

## 15. रसोई सेट

| | | |
|---|---|---|
| संख्या | - | 1 |
| गतिविधि का प्रकार | - | व्यक्तिगत रूप से या समूह में किया जा सकता है। (बड़ा/छोटा) |
| उद्देश्य | - | • रचनात्मकता और कल्पनाशीलता का विकास करना।<br>• सामाजिक कौशल विकसित करने के लिए।<br>• भाषा और संचार कौशल के लिए।<br>• स्मृति कौशल को बेहतर बनाने के लिए।<br>• वर्गीकरण कौशल विकसित करना।<br>• सूक्ष्म क्रियात्मक कौशल विकसित करने के लिए। |
| उपयोग की विधि | - | • रसोई के खिलौने बर्तनों को 'गुड़िया क्षेत्र या नाटकीय क्षेत्र' में रखें।<br>• बच्चों को रसोई सेट के साथ खोज और प्रयोग करने दें।<br>• बच्चों को प्रधान रसोइया (chef), चाकर (waiter) और घर पर माता-पिता की भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित करें।<br>• बच्चों को देखें जब वे अपनी कल्पना के अनुसार खुद को नई भूमिकाओं में रखते हैं, योजनाएँ बनाते हैं और दिलचस्प कहानियाँ बनाते हैं। |
| विविधताएँ | - | (i) बच्चों को खिलौना चिमटा, खिलौना चम्म्मच आदि प्रयोग करने दें। किचन सेट के साथ उन्हें खिलौना चम्मच और चिमटे का उपयोग करके खाना उठाने दें। इससे उनके सूक्ष्म क्रियात्मक कौशल को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।<br>(ii) बेकार बोतल सुरक्षित और साफ़ और जार के ढक्कन आदि को किचन सेट में जोड़, उन्हें एक छोटा प्ले किचन रैक प्रदान करें और बच्चों को किचन सेट और अन्य किचन प्रॉप्स की ठीक से व्यवस्था करने दें। बच्चों में व्यवस्थित करने के कौशल का विकास होगा। |





Jaadui Pitara A User's Manua Hindil.indd 34 06-Aug-24 10:27:12 AM

## 16. गुड्डा-गुड़िया

| | | |
|---|---|---|
| संख्या | - | 2 |
| गतिविधि का प्रकार | - | व्यक्तिगत या छोटे समूह में की जा सकती है। |
| उद्देश्य | - | • अपनी भावनाओं को व्यक्त करने के लिए।<br>• मौखिक अभिव्यक्तियों का विकास व विस्तार करना।<br>• सामाजिक भूमिकाओं और संबंधों को समझने के लिए।<br>• रोल-प्ले के अवसर प्रदान करना।<br>• एक साथ काम करने के लिए प्रोत्साहित करना। |
| उपयोग की विधि | - | • बच्चों को छोटे समूह में खुलकर खेलने के लिए प्रोत्साहित करें।<br>(i) अधिमानतः एक गुड़िया का क्षेत्र बनाएँ जहाँ बच्चे स्वतंत्र रूप से आंतरिक खेलों के दौरान गुड़िया से खेल सकते हैं। लड़कों को गुड़िया से खेलने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।<br>(ii) बच्चों की कल्पना के विस्तार के लिए और सामान, जैसे— गुड़िया के कपड़े, बर्तन आदि प्रदान करें।<br>(iii) आप अपनी गुड़िया अपने आप तैयार करें। गुड़िया को किसी एक विशिष्ट राज्य के आधार पर तैयार कर सकते हैं। |





Jaadui Pitara A User's Manua Hindil.indd 35 06-Aug-24 10:27:12 AM

## 17. स्मृति कार्ड

| | | |
|---|---|---|
| संख्या | - | 10 काड्‌र्स |
| गतिविधि का प्रकार | - | व्यक्तिगत रूप से किया जा सकता है। |
| उद्देश्य | - | • अवलोकन कौशल बढ़ाने के लिए।<br>• विभिन्न वस्तुओं की पहचान के लिए।<br>• शब्दावली बढ़ाने के लिए।<br>• स्मरण कौशल विकसित करने के लिए।<br>• सोच और समस्या समाधान कौशल विकसित करना। |
| उपयोग की विधि | - | • इस सामग्री में 5 विषय हैं। (जानवर, परिवहन, कपड़े, फ़र्नीचर और बर्तन)<br>• 3–4 वर्ष की आयु के बच्चों को थीम सेट के साथ कम गायब चित्रों को विशेष रूप से पहले दिखाना चाहिए।<br>• एक थीम कार्ड लें और उस चित्र को बच्चों को दिखाएँ। बच्चों को सभी चित्रों की पहचान करने दें और उसे याद करने दें।<br>• बच्चों को आँख बंद करने के लिए कहें तब उन्हें सेट का दूसरा कार्ड दिखाएँ जिसमें कुछ तस्वीरें गायब हैं।<br>• बच्चों को उन्हें उन तस्वीरों को याद करने के लिए कहें जो इस कार्ड से गायब हैं। (बच्चा यदि चित्रों/तस्वीरों को याद करने में असमर्थ है तो उन्हें कुछ अनुमान दें।) |
| विविधताएँ | - | (i) आप ऐसे और स्मृति कार्ड विभिन्न विषयों और थीम पर बना सकते हैं और स्मृति कार्ड सेट में जोड़ सकते हैं।<br>(ii) खेल गतिविधि को मूर्त वस्तुओं के साथ करें और देखें कि 'क्या गायब है?' |



## 18. क्या गायब है?

| | | |
|---|---|---|
| संख्या | - | 10 पृष्ठों वाला एक छोटा कैलेंडर |
| गतिविधि का प्रकार | - | व्यक्तिगत रूप से या समूह में किया जा सकता है। (छोटा/बड़ा) |
| उद्देश्य | - | • अवलोकन कौशल को बढ़ाना।<br>• स्मृति कौशल को विकसित करना।<br>• सोच और समस्या समाधान कौशल विकसित करना। |
| उपयोग की विधि | - | • यह सामग्री बच्चों के अवलोकन कौशल को बढ़ाने में मदद करेगी।<br>• बच्चों को दिखाएँ 'कार्ड में क्या गायब है?' (एक बार में एक)<br>• बच्चों को इसका निरीक्षण बारीकी से करने दें।<br>• चित्र के बारे में बात करें।<br>• फिर बच्चों से यह पता लगाने को कहें कि चित्र में क्या कमी है। |
| विविधताएँ | - | (i) यही क्रियाकलाप मूर्त सामग्री के साथ करें, उदाहरण के लिए— एक ट्रे में 5–6 वस्तुएँ रखें बच्चों को वस्तुओं का निरीक्षण करने और नाम लेने को कहें, तब बच्चों को आँख बंद करने का आदेश दें। इस दौरान एक वस्तु हटा लें और बच्चों को आँख खोलने को कहें, अब पूछे कौन-सी वस्तु गायब है?<br>(ii) इस तरह के और कार्ड बनाकर आप क्या गायब है, कैलेंडर में जोड़ते रहें। |





Jaadui Pitara A User's Manua Hindil.indd 37 06-Aug-24 10:27:13 AM

## 19. पूर्व-संख्या काड्र्स

| | | |
|---|---|---|
| संख्या | - | 5 सेट्स (प्रत्येक सेट में 5 श्रेणीबद्ध वस्तु काड्र्स होता है। |
| गतिविधि का प्रकार | - | व्यक्तिगत रूप से या एक छोटे समूह में किया जा सकता है। |
| उद्देश्य | - | निम्नलिखित पूर्व-संख्या अवधारणा को पहचानने, नाम देने और क्रमांकन के माध्यम से विकसित करना—<br>• बड़ा-छोटा<br>• मोटा-पतला<br>• लंबा-छोटा<br>• निकट-दूर |
| उपयोग की विधि | - | • प्रत्येक पूर्व-संख्या अवधारणा के लिए 5 काड्र्स हैं, बच्चों को किसी विशेष अवधारणा के आधार पर इनकी व्यवस्था करनी होगी।<br>• एक पूर्व-संख्या अवधारणा कार्ड को क्रम में लगाते हुए प्रदर्शित करें। उदाहरण के लिए, सबसे बड़े हाथी से सबसे छोटा हाथी।<br>• फिर काड्र्स फैलाएँ (कोई एक पूर्व-संख्या अवधारणा, और बच्चों को काड्र्स को बाएँ से दाएँ क्रम में लगाने के लिए कहें। धीरे-धीरे काड्र्स की संख्या बढ़ाकर 5 कर दी जाएगी। अगर बच्चा तीन स्तर तक क्रमबद्ध करने में सक्षम है तो अन्य पूर्व-संख्या अवधारणा काड्र्स के साथ भी इसी प्रकार करें।<br>• बच्चों से पहले चित्र को पहचानने और फिर क्रम से व्यवस्थित करने को कहें। |
| विविधताएँ | - | इस प्रकार की गतिविधियाँ आप मूर्त वस्तुओं और खेल सामग्री के साथ व्यवस्थित कर सकते हैं, जैसे— सबसे बड़ी पत्ती से सबसे छोटी पत्ती, सबसे बड़ी बोतल का ढक्कन से सबसे छोटी बोतल का ढक्कन, सबसे छोटी टोपी, सबसे मोटी किताब से सबसे पतली किताब, सबसे लंबी पेंसिल से सबसे छोटी पेंसिल और इसी तरह। |



## 20. चित्र काड्र्स

| | | |
|---|---|---|
| संख्या | - | 50 काड्र्स (प्रत्येक श्रेणी के लिए 10 काड्र्स) पक्षी, जानवर, परिवहन, फल, सब्जियाँ) |
| गतिविधि का प्रकार | - | व्यक्तिगत रूप से या समूह में किया जा सकता है। (छोटा/बड़ा) |
| उद्देश्य | - | • संज्ञानात्मक कौशल-मिलान, पहचानना, लेबल करना और वर्गीकरण जैसे कौशल विकसित करना।<br>• शब्दावली बढ़ाने के लिए।<br>• बुनियादी पर्यावरण की अवधारणाओं के बारे में जागरूकता विकसित करना। |
| उपयोग की विधि<br> | - | इन्हें 'प्लेइंग प्लैश कार्ड' भी कहा जाता है। बच्चे और शिक्षक इन चित्र फ्लैश कार्ड से गतिविधि कर सकते हैं। निम्नलिखित कुछ अनुकरणीय गतिविधियाँ हैं, जो बच्चों के साथ की जा सकती हैं—<br>**चित्र काड्र्स का वर्गीकरण**<br>छोटे समूह में चार या पाँच बच्चों के साथ ऐसा करें। सभी 6 श्रेणियों को बच्चों के सामने रखें और बच्चों से प्रत्येक चित्र को पहचानने के लिए कहें। फिर एक पंक्ति पर एक श्रेणी कार्ड रख दें। फिर बच्चों से (एक-एक करके) ढेर सारे पत्ते उठाने और उपयुक्त श्रेणी के अंतर्गत रखने को कहें। बाद में बड़े बच्चों के साथ काड्र्स को वर्गीकृत करने के लिए कहें, जैसे— जंगली और घरेलू जानवर, पौधे खाने वाले और माँस खाने वाले जानवर आदि। |
| विविधताएँ | - | **(i) चित्र चर्चा**<br>प्रत्येक बच्चे को एक चित्र कार्ड वितरित करें। बच्चे कुछ समय के लिए इसका अध्ययन करें। उनको तस्वीर के बारे में कुछ पंक्तियाँ बोलने के लिए प्रोत्साहित करें। (इसे सर्कल टाइम के दौरान आप कर सकते हैं।)<br>**(ii) स्मृति खेल**<br>बच्चों को 5–6 चित्र काड्र्स दिखाएँ। फिर काड्र्स को बच्चों के सामने एक पंक्ति में उल्टा करके रख दें। बच्चों से आँख बंद करने को कहें। इस बीच में एक कार्ड निकाल लें और बच्चों को आँखे खोलने को कहें। फिर उन्हें पता लगाने को कहें कि कौन-सा चित्र कार्ड गायब है। |



Jaadui Pitara A User's Manua Hindil.indd 39 06-Aug-24 10:27:15 AM

## 21. रंग डोमिनो

| | | |
|---|---|---|
| संख्या | - | 28 |
| गतिविधि का प्रकार | - | व्यक्तिगत और समूह गतिविधि |
| उद्देश्य | - | • रंगों का मिलान और उनकी पहचान करना।<br>• पर्यावरण में उपलब्ध विभिन्न वस्तुओं के रंग को नाम देने के लिए। |
| उपयोग की विधि | - | • बच्चों को रंग डोमिनो काड्र्स वितरित करें।<br>• डोमिनो काड्र्स के दोनों आधे भागों के रंगों को पहचानने में उनकी मदद करें।<br>• प्रत्येक बच्चें को दूसरा डोमिनो कार्ड जो पिछले कार्ड के एक रंग से मेल खाता हो खोजने के लिए प्रोत्साहित करें।<br>• इसी नियम का पालन करें और 28 रंग के डोमिनो काड्र्स के साथ पैटर्न को पूरा करें। |
| विविधताएँ | - | (i) बच्चों को मेल खाने वाले रंग के खिलौने, बोतल के ढक्कन खोजने दें और उन्हें रंग डोमिनो के शीर्ष पर रखें।<br>(ii) रंग का नाम बोलें और बच्चा प्रासंगिक रंग के लिए इशारा करेगा। |



## 22. रंग क्रम कार्ड्स

| | | |
|---|---|---|
| संख्या | - | 4 सेट्स (प्रत्येक सेट में 4 श्रेणी के रंगीन कार्ड्स) |
| गतिविधि का प्रकार | - | व्यक्तिगत रूप से या एक छोटे समूह में किया जा सकता है। |
| उद्देश्य | - | • रंगों के विभिन्न शेड्स की पहचान करना।<br>• रंगों को सबसे हल्के से सबसे गहरे रंग में क्रमबद्ध करना।<br>• अवलोकन कौशल विकसित करना। |
| उपयोग की विधि | - | • बच्चों को एक अर्ध-गोलाकार पैटर्न स्थिति में बिठाएँ।<br>• बच्चों के सामने किसी एक रंग के टोन कार्ड्स फैलाएँ।<br>• सुनिश्चित करें कि सभी रंगों के कार्ड्स बच्चों को दिखाई दें।<br>• शेड कार्ड्स को सबसे गहरे से हल्के के क्रम में रंग व्यवस्थित करके गतिविधि प्रदर्शित करें।<br>• किसी एक बच्चे को बुलाएँ और उसे सबसे गहरे से हल्के के क्रम में कार्ड लगाने को कहें।<br>• एक बार जब बच्चा कार्ड्स को व्यवस्थित कर ले तो दूसरे बच्चों से पूछें कि क्रम सही है या नहीं। यदि नहीं तो किसी अन्य बच्चे को आकर कोशिश करने को कहें। |
| विविधताएँ | - | (i) आप दूसरे रंग के शेड्स का उपयोग करके अधिक रंग क्रम के कार्ड जोड़ सकते हैं।<br>(ii) रंगीन खिलौनों और श्रेणीबद्ध रंगों के ब्लॉक का उपयोग करें और बच्चों से खिलौनों को क्रम में व्यवस्थित करने के लिए कहें, (सबसे हल्के रंग के खिलौने से सबसे गहरे रंग का खिलौना) एक ही रंग में। |



## 23. क्रमबद्ध चिंतन काड्‌र्स

| | | |
|---|---|---|
| संख्या | - | 4 सेट्स (प्रत्येक सेट में 4 काड्‌र्स होते हैं। |
| गतिविधि का प्रकार | - | व्यक्तिगत रूप से तथा समूह में किया जा सकता है। (छोटा/बड़ा) |
| उद्देश्य | - | • क्रमिक सोच विकसित करना।<br>• यह समझने के लिए कि किसी भी घटना की शुरुआत और अंत होता है।<br>• कौशल विकसित करने के लिए तार्किक सोच और दृश्य याद करना।<br>• क्रम की अवधारणा को समझने के लिए पहले क्या आता है, फिर अगला क्या और इस प्रकार।<br>• मौखिक अभिव्यक्ति को विकसित करने के लिए। |
| उपयोग की विधि | - | इन काड्‌र्स में चार विषय हैं—<br>(नहाना, कपड़े धोना, अंडे से लेकर मुर्गी तक और केले का छिलका)<br>• किसी एक सेट को बोलकर और दिखाकर समझाइए कि घटनाओं की शुरुआत और अंत कैसे होता है और प्रक्रियाओं में कैसे तार्किकता का पालन करना चाहिए।<br>• बच्चों को अर्ध-गोलाकार में बैठाकर उनके सामने एक सेट के काड्‌र्स को फैला दें। काड्‌र्स किसी भी विशिष्ट क्रम में नहीं रखे जाने चाहिए।<br>• बच्चों से यह वर्णन करने के लिए कहें कि प्रत्येक चित्र में क्या हो रहा है।<br>• एक सेट को क्रम में लगाकर गतिविधि का प्रदर्शन करें। फिर एक समय में एक ही बच्चे को बुलाकर काड्‌र्स को उचित तरीके से व्यवस्थित करने के लिए कहें, यानी की जा रही गतिविधि के अनुक्रम को दिखाने के लिए। (पहले क्या होता है और आगे क्या होगा)<br>• बच्चों से प्रक्रिया का वर्णन सरल शब्दों में करने के लिए कहें।<br>• फिर बच्चों को छोटे समूहों में बाँट दें और प्रत्येक समूह को एक सेट दें। बच्चों को 1 सेट काड्‌र्स को व्यवस्थित रूप से लगाने को कहें और वे अपने सेट काड्‌र्स को दूसरों के साथ अदला-बदली कर सकते हैं। |



## 24. जोकर कार्ड्स

| | | |
|---|---|---|
| संख्या | - | 9 कार्ड्स |
| गतिविधि का प्रकार | - | व्यक्तिगत रूप से और छोटे समूह में की जा सकती है। |
| उद्देश्य | - | • अवलोकन कौशल को बढ़ाने के लिए। <br> • संज्ञानात्मक कौशल— पहचान, मिलान और वर्गीकरण कौशल विकसित करने के लिए। |
| उपयोग की विधि | - | • बच्चों को सभी जोकर कार्ड्स दिखाएँ। बच्चों के सामने सभी 9 जोकर कार्ड्स फैला दें। बच्चों को जोकर कार्ड्स के रंग और आकृति को देखने दें। <br> • रंग के आधार पर जोकर कार्ड्स को वर्गीकृत करके गतिविधि का प्रदर्शन करें फिर एक बच्चे को बुलाएँ और एक समय में उसे जोकर कार्ड्स को रंग के आधार पर वर्गीकृत करने को कहें। फिर उन्हें कार्ड्स को दोबारा से देखने को कहें। आप क्या देखते हैं? फिर बच्चों से पूछें— "आप जोकर को किस आधार पर वर्गीकृत करेंगे?" |
| विविधताएँ | - | आप इन कार्ड्स को कुछ अन्य विशेषताओं से जोड़ने के बारे में भी सोच सकते हैं, जैसे— कॉलर या शर्ट विभिन्न पैटर्न्स के साथ हो सकते हैं। |





Jaadui Pitara A User's Manua Hindil.indd 43 06-Aug-24 10:27:16 AM

## 25. संख्या-बिंदु डोमिनो

| | | |
|---|---|---|
| संख्या | - | 28 |
| गतिविधि का प्रकार | - | व्यक्तिगत और छोटे समूह |
| उद्देश्य | - | • संख्याओं का मिलान और पहचान करने के लिए।<br>• संख्या प्रतीकों के साथ संबंधित बिंदु मिलान करने के लिए। |
| उपयोग की विधि | - | • बच्चों को डोमिनो काड्र्स बाँटें।<br>• काड्र्स के दाई ओर बिंदुओं की संख्या गिनने में उनकी मदद करें।<br>• प्रत्येक को दूसरा डोमिनो कार्ड जो बिंदुओं की संख्या से मेल खाता हो, को खोजने के लिए प्रोत्साहित करें।<br>• उसी नियम का पालन करते हुए 28 संख्या-बिंदु डोमिनो काड्र्स के साथ पैटर्न पूरा करें। |



## 26. आकार वर्गीकरण बोर्ड डोरी के साथ

| | | |
|---|---|---|
| संख्या | - | 4 आकृतियों वाला 1 सेट |
| गतिविधि का प्रकार | - | व्यक्तिगत और छोटे समूह में |
| उद्देश्य | - | • आकृतियों की श्रेणियों को सीखने और उनके नाम जानने में मदद करना।<br>• आँख-हाथ समन्वय को बेहतर बनाने के लिए।<br>• सूक्ष्म क्रियात्मक कौशल विकसित करने में मदद करना।<br>• रंग के बारे में जानने के लिए।<br>• यह पता लगाने के लिए कि प्रत्येक आकृति को उसके लिए दिए गए उपयुक्त स्थान पर कैसे लगाया जाए। |
| उपयोग की विधि | - | • बच्चों को 'शेप-सॉर्टर खिलौने' का प्रदर्शन करें।<br>• समस्या समाधान और छँटाई— उन्हें आकृतियों के साथ खेलने के लिए प्रोत्साहित करें। एक आकृति को उठाओ, मिलान करो। और आकृति को उपयुक्त स्थान पर लगाओ।<br>• छँटाई के अलावा बच्चों को धैर्य के साथ अपनी बारी की अवधारणा भी सीखने दें। |
| विविधताएँ | - | (i) खुले अंत वाले प्रश्न—यदि मैं इस वर्ग आकृति को गोल छेद वाले स्थान पर रखूँ तो क्या होगा? आपको क्या लगता है, मुझे इस आकृति को कहाँ लगाना चाहिए?<br>(ii) आप अलग-अलग बोतल के ढक्कन जैसी वस्तुओं का उपयोग कर सकते हैं। बच्चों को 'शेप-सॉर्टर खिलौने' के साथ प्रयोग करने दें।<br>(iii) रंगों के बारे में सीखना— बच्चों को आपके निर्देश का अनुसरण करने दें, "चलो लाल रंग की चौकोर आकृति उठाओ।" आप इसी तरह रंग और आकृति के साथ भी कर सकते हैं। |



## 27. जूनियर अबेकस

| | | |
|---|---|---|
| संख्या | - | 1 |
| गतिविधि का प्रकार | - | व्यक्तिगत |
| उद्देश्य | - | • छोटे बच्चों में बुनियादी संख्या कौशल को विकसित और प्रोत्साहित करने के लिए।<br>• संख्या कौशल को विकसित और बेहतर बनाना।<br>• सरल जोड़, घटाव और अन्य सरल गणितीय कार्यों को क्रियान्वित करने में मदद करने के लिए।<br>• एकाग्रता और ध्यान अवधि को बेहतर बनाने के लिए।<br>• हाथ-आँख समन्वय विकसित करने के लिए।<br>• समस्या समाधान क्षमता को बढ़ाने के लिए। |
| उपयोग की विधि | - | • अबेकस संख्याओं को आसानी से और जल्दी गिनने का सबसे रचनात्मक तरीका है।<br>• बच्चों को अबेकस के साथ खेल गतिविधियों का प्रदर्शन करें।<br>• गिनती का खेल— बच्चों को संख्या बोलें और वे अपने हाथों का उपयोग करते हुए मोतियों को सरकाते रहें। बड़े बच्चों को सरल जोड़ और घटाव करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है। |
| विविधताएँ | - | (i) बच्चों को एक विशिष्ट रंग के मोती गिनने के लिए कहें और इसमें एक और रंग के मोती की श्रेणी जोड़ने को कहें।<br>(ii) बड़े बच्चों के लिए, उन्हें उपरोक्त चित्र बनाने और समस्या का हल खोजने के लिए कहें।<br>(iii) आप निर्देश दें और बच्चों को उनका पालन करने को कहें, उदाहरण के लिए—पहली पंक्ति में 4 मोती ले जाएँ और दूसरी पंक्ति में 3 मोती ले जाएँ, कुल कितने मोती जो आपने दोनों पंक्तियों में इकट्ठे किए हैं? |



## 28. संख्या ट्रेसिंग काड्‌र्स

| | | |
|---|---|---|
| संख्या | - | 10 |
| गतिविधि का प्रकार | - | व्यक्तिगत |
| उद्देश्य | - | • बच्चों में दृश्य कौशल संबंधी समझ को विकसित करने में मदद करना।<br>• सूक्ष्म क्रियात्मक कौशल को विकसित करने के लिए।<br>• अंक चिह्न पहचान विकसित करना।<br>• सही संख्या निर्माण विकसित करने के लिए। |
| उपयोग की विधि | - | • बच्चों को तर्जनी के साथ अक्षरों को ट्रेस करके दिखाएँ।<br>• बच्चों को प्रत्येक संख्या को बिंदु 1 से शुरू करके दी गई दिशा में अँगुली से ट्रेस करने के लिए प्रोत्साहित करें।<br>• संख्या के नाम पहचानने में बच्चों की मदद करें। |
| विविधताएँ | - | (i) ट्रेस की गई संख्या पर सामग्री, जैसे— आइसक्रीम स्टिक, ऊन/सूत, रेत या कागज़ चिपकाया जा सकता है और इसे दृष्टिबाधित के लिए स्पर्श कार्ड के रूप में भी प्रयोग किया जा सकता है।<br>(ii) बच्चों को संख्या की बिंदुदार रेखाओं पर राजमा के बीज या कोई भी बीज चिपकाने को कहें। |






Jaadui Pitara A User's Manua Hindil.indd 47 06-Aug-24 10:27:18 AM

## 29. सोलिड वेल्क्रो शेप्स

| | | |
|---|---|---|
| संख्या | - | 1 सेट |
| गतिविधि का प्रकार | - | समूह में आयोजन |
| उद्देश्य | - | • ठोस पदार्थों और उनकी आकृतियों के बारे में खोजना और जानना।<br>• डेटा प्रबंधन को समझने के लिए।<br>• उनके गुण की सहज समझ को विकसित करने के लिए।<br>• नियमित 3डी आकृतियों के संदर्भ में अपने आस-पास की वस्तुओं का अवलोकन करना और उनकी पहचान करना। |
| उपयोग की विधि | - | आइए जाने ठोस पदार्थों के बारे में—<br>बैठने की व्यवस्था— पूरी कक्षा के बच्चों को 4 के समूह में बाँटा गया है।<br>• बच्चों के प्रत्येक समूह को ठोस पदार्थों का एक सेट उनकी पसंद के किसी भी वस्तु का पता लगाने और दिए गए ठोस का उपयोग करके बनाने के लिए दिया जाता है।<br>• बच्चों को इस बारे में साझा करने के लिए प्रोत्साहित करें कि वे क्या कर रहें हैं? और उन्होंने इसे कैसे बनाया?<br>• बच्चों को तर्क करने के लिए प्रोत्साहित करें कि उन्होंने ठोस वस्तु का उपयोग एक विशेष भाग के लिए क्यों किया?<br>• बच्चों को अन्य समूहों द्वारा बनाई वस्तुओं को देखने और विश्लेषण करने के लिए आमंत्रित करें। |
| विविधताएँ | - | (i) वस्तुओं को वर्गीकृत करें—<br>मौजूदा आकृतियों के सेट से दस आकृतियों का प्रयोग करके बच्चों से आकृतियों को 2 या 3 भागों में बाँटने को कहें। इस दौरान शिक्षक विभिन्न समूहों में जाकर बच्चों से वर्णन करने के लिए प्रोत्साहित कर सकते हैं कि उन्होंने इन वस्तुओं का वर्गीकरण कैसे किया। बच्चों से उन ठोस वस्तुओं को गिनने को कहें, जिनमें समानता हो। |





Jaadui Pitara A User's Manua Hindil.indd 48 06-Aug-24 10:27:19 AM

## 30. टाइल्स

| | | |
|---|---|---|
| संख्या | - | रंगीन आकृतियों का 1 सेट |
| गतिविधि का प्रकार | - | पूरी कक्षा को जोड़ियों में बाँटा जाता है। |
| उद्देश्य | - | • 2डी की आकृति के गुणों का निरीक्षण करना।<br>• बच्चों को अपना पैटर्न बनाने में सक्षम बनाना।<br>• पैटर्न बनाने में दोहराने की इकाई को शामिल करने की पहचान करना।<br>• क्षेत्र की सहज समझ को विकसित करना।<br>• आकलन कौशल विकसित करना।<br>• क्षेत्र और स्थान की सहज समझ को विकसित करना।<br>• वर्गीकरण और गिनने के कौशल को सक्षम बनाना। |
| उपयोग की विधि | - | बच्चों को विभिन्न टाइल्स का प्रयोग कर कोई डिजाइन/वस्तु बनाने के लिए कहें। अब उनसे कहें कि इसे बनाने के लिए उन्होंने किस प्रकार की टाइल्स का प्रयोग किया है, दर्ज करें। शिक्षक आगे चर्चा कर सकते हैं और इस तरह के प्रश्न पूछ सकते हैं—<br>• उन्होंने एक फूल/घर/सितारा बनाने के लिए एक विशेष आकार का प्रयोग क्यों किया?<br>• किस आकार का सबसे अधिक उपयोग किया गया?<br>• किस आकार का सबसे कम उपयोग किया गया है?<br>शिक्षक बच्चों को प्रत्येक टाइल को नाम देने के लिए प्रोत्साहित कर सकते हैं, जैसे— समोसा; त्रिकोण के लिए।  |
| विविधताएँ | - | (i) पैटर्न्स बनाएँ— विभिन्न टाइल्स का प्रयोग करके, कोई भी पैटर्न बनाने के लिए बच्चों को शामिल करें। शुरुआत में केवल दो आकृतियों की टाइल्स का प्रयोग करके पैटर्न बनाने के लिए बच्चों को शामिल करें। बाद में बच्चों को जटिल पैटर्न्स बनाने के लिए कहें। चर्चा करें कि किस विशेष पैटर्न्स को बनाने के लिए किन टाइल्स के प्रयोग को दोहराया गया।<br>(ii) टाइल्स व्यवस्थित करें— प्रत्येक जोड़ी को टाइल्स का एक सेट दिया जाता है। बच्चों को किसी भी प्रकार की टाइल को चुनकर साँचे में व्यवस्थित करने का कहा जाता है, ताकि साँचे में कोई भी गैप न रहे। बच्चों को उनके द्वारा चुनी गई टाइल्स से साँचे में कोई भी आकृति बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। अब उन्हें बात करने के लिए प्रोत्साहित करें कि उन्हें कैसे पता चला कि ये टुकड़ा साँचे में फिट होगा या वे उस टुकड़े के साथ क्यों शुरू हुए। |



Jaadui Pitara A User's Manua Hindil.indd 49 06-Aug-24 10:27:19 AM

(iii) आइए अनुमान लगाएँ— शिक्षक को कोई भी विशेष टाइल चुनकर कक्षा को दिखाएँ। बच्चों को आवश्यक टाइल्स की संख्या का अनुमान लगाकर साँचे को पूरी तरह से भरने में बच्चों को अनुमानित संख्या अपनी नोटबुक में लिखने दें।

(iv) चुनें और वर्गीकृत करें— बच्चों को रंगों के आधार पर टाइलों के समूह बनाने के लिए प्रोत्साहित करें। बाद में उन्हें जिन विशेषताओं के आधार पर समूह बनाया है, साझा करने के लिए प्रोत्साहित करें। बच्चें विभिन्न रंगों की टाइल्स के रिकार्ड रख सकते हैं— जैसे कि नीचे दिखाया गया है, बच्चों को किसी अन्य श्रेणी के आधार पर छाँटने दें और उसे बोर्ड या नोटबुक पर रिकार्ड करें।

शिक्षक निम्नलिखित प्रश्न पूछ सकते हैं—

- किस समूह में सबसे अधिक टाइल्स हैं?
- किस समूह में सबसे कम टाइल्स हैं?
- शिक्षक प्रत्येक टाइल के कितने किनारे है के बारे में चर्चा कर सकते हैं।



## 31. स्थानीय मान काड्र्स

| | | |
|---|---|---|
| संख्या | - | 1 सेट |
| गतिविधि का प्रकार | - | पूरी कक्षा को 4–5 बच्चों के समूह में बाँटा गया है। |
| उद्देश्य | - | • संख्याओं के मान का उपयोग करके संख्याओं का वर्गीकरण करना।<br>• तार्किक सोच और तर्क विकसित करने के लिए।<br>• संख्या को उनके विस्तारित रूप में लिखने के लिए।<br>• इकाई और दहाई संख्याओं की समझ विकसित करने के लिए।<br>• पैटर्न्स बनाने के लिए। |
| उपयोग की विधि | - | • इस गतिविधि को करने से पहले शिक्षक को निर्देश देना चाहिए कि काड्र्स कैसे व्यवस्थित किए जाएँ। शिक्षक स्थानीय मान काड्र्स का प्रयोग किस प्रकार किया जाए। यह संपूर्ण कक्षा के सामने दर्शाएँ कि प्रत्येक कार्ड का स्थानीय मान दूसरे कार्ड के स्थानीय मान पर ही रखा जाएगा।<br>• संख्या बनाओ— किसी भी बच्चे को आगे आने के लिए कहें और उसे एक अंक जोर से बोलने के लिए कहें, दूसरे बच्चे संबंधित स्थानीय मान कार्ड चुनकर दिखाएँगे। अब स्थानीय मान कार्ड का प्रयोग करके उन्हें दो अंकों की संख्या दिखाने को कहें, जैसे— 17। इस गतिविधि को करने के दौरान मान लीजिए एक बच्चा 17 दिखाने के लिए दो, एक अंकीय कार्ड 1 और 7 का उपयोग करता है। अब शिक्षक उस बच्चे से पूछ सकते हैं कि 17 ब्लॉक यानी 17 उठाते समय क्या उसने एक और सात ब्लॉक चुनें। यह बच्चों को अपनी गलती सुधारने में मदद करेगा कि 17 का अर्थ 1 दहाई और 7 इकाई है। इस गतिविधि को करने के साथ-साथ लिखित कार्य उनके नोटबुक पर किया जाना चाहिए तथा इसके विस्तारित रूप को भी लिखें, जैसे 17 को 10 और 7 या 10+7। संख्या 51 और 15 या 72 और 27 बनाइए। इन संरचनाओं का प्रयोग स्थानीय मान की अवधारणा को स्पष्ट करने के लिए पूछा जा सकता है। दैनिक जीवन के विभिन्न संदर्भों के माध्यम से इन अवधारणाओं को स्पष्ट किया जा सकता है। |
| विविधताएँ | | (i) संख्या का विस्तारित रूप लिखें— यह गतिविधि अधिगम अनुभव हेतु अवसर प्रदान करती है। एक संख्या को दहाई और इकाई के एक संयोजन के रूप से देखना। स्थानीय मान कार्ड का उपयोग करके एक संख्या दिखाएँ—67। शिक्षक पूछ सकते हैं कि यह संख्या किस प्रकार बनती है। |

| | | |
|---|---|---|
| | | बच्चे संभावित उत्तर दे सकते हैं—<br>(क) छ: और सात<br>(ख) सात और छह<br>(ग) साठ और सात<br>(घ) सत्तर और छह |
| | - | बच्चों की सही उत्तर तक पहुँचने में मदद करें अर्थात उत्तर (ग)।<br>उत्तर (क) में बच्चा, संख्या को दो अंकों के संयोजन के रूप में देखता है न कि दहाई और इकाई के संयोजन के रूप में। यहाँ पर शिक्षक को दूसरे कार्ड सेट को हटाकर दिखाने की आवश्यकता है कि संख्या 60 और 7 तथा 0 स्थानीय मान कार्ड 7 के द्वारा अध्यारोपित हो जाता है।<br>उत्तर (ख)-प्रदर्शित करता है कि बच्चे में सही दिशा में कार्ड पढ़ने की समझ नहीं है। शिक्षक बच्चे को सही दिशा बता सकते हैं।<br>उत्तर (घ) में शिक्षक एक-दूसरे से कार्ड सेट को अलग-अलग करके छिपे हुए शून्य को दिखा सकते हैं। |
| | | (ii) संख्याओं की तुलना करना— बच्चों को स्थानीय मान कार्ड की सहायता से अंकों की संख्या बनाने को कहें। 3 और 7 की सहायता से बनने वाली संख्या 37 और 73 होगी।<br>बच्चों को पूछें "कौन-सी संख्या बड़ी है?"<br>इस तरह से शिक्षक कार्ड की सहायता से बच्चों को छोटी और बड़ी संख्याओं को पहचानने में मदद कर सकते हैं। |
| | | बच्चों को किसी भी संख्या का मान निर्धारण करने में स्थानीय मान की भूमिका पर चर्चा करने के लिए प्रोत्साहित करें।<br>विविध युक्तियों पर चर्चा करें। |





Jaadui Pitara A User's Manua Hindil.indd 52 06-Aug-24 10:27:20 AM

## 32. चित्र पठन पोस्टर्स

| | | |
|---|---|---|
| संख्या<br><br><br> | - | 9 चित्र पठन पोस्टर<br>• गेहूँ का सफर<br>• फलों की मौज<br>• रंगों से भरा समंदर<br>• पार्क दृश्य<br>• बाजार दृश्य<br>• रेलवे स्टेशन<br>• सड़क दृश्य<br>• गाँव का दृश्य<br>• जंगल दृश्य |
| गतिविधि का प्रकार | - | व्यक्तिगत रूप से या एक समूह में किया जा सकता है। (बड़ा/छोटा) |
| उद्देश्य | - | • अवलोकन कौशल को बढ़ाना।<br>• मौखिक अभिव्यक्ति विकसित करने के लिए।<br>• जिज्ञासा बढ़ाने के लिए।<br>• कल्पना और अभिव्यक्ति का विकास करना।<br>• पूर्ण और संरचित वाक्य बोलने के लिए प्रोत्साहित करना। |
| उपयोग की विधि | - | • बच्चों को अपने पास बिठाएँ।<br>• शिक्षक को बच्चों के सामने थोड़ा-सा ऊपर बैठने की ज़रूरत है।<br>• सुनिश्चित करें कि प्रत्येक बच्चा चित्र पठन पोस्टर देख सकता है। एक चित्र पोस्टर दिखाएँ (किसी भी एक थीम का) बच्चों को ध्यान से चित्र देखने को कहें। उन्हें चित्र का अध्ययन करने के लिए समय दें। |
| | | • उनसे पूछें कि वे चित्र में क्या देखते हैं? उदाहरण के लिए— चित्र किस के बारे में है? तुम इस चित्र में क्या देखते हो? तथा चित्र में क्या हो रहा है और इसी तरह फिर उनसे चित्र से जुड़े सवाल पूछें।<br>• उदाहरण के लिए— 'यह क्या है?' 'वह कहाँ जा रहा है?' इत्यादि।<br>• बच्चों को पूरा वाक्य बोलकर उत्तर देने के लिए प्रोत्साहित करें। |
| विविधताएँ | | चित्र पठन पोस्टर का प्रयोग करते हुए अलग-अलग अवधारणों को एकीकृत करने के लिए खुले अंत वाले प्रश्न पूछें, जैसे— "पार्क में कितने बच्चे खेल रहे हैं? और लड़की क्या बात कर रही है?" |

## 33. कविता पोस्टर्स

| | | |
|---|---|---|
| संख्या | | (1) मकड़ी की आँखें<br>(2) माँ की अलमारी<br>(3) मस्त कलंदर |
| गतिविधि का प्रकार | - | व्यक्तिगत रूप से या समूह में किया जा सकता है (बड़ा/ छोटा) |
| उद्देश्य | - | • बच्चों को शब्द, ध्वनि और भाषा गठन के बारे में सीखने में मदद करना।<br>• बुनियादी साक्षरता कौशल सीखने में बच्चों की मदद करना।<br>• स्मृति कौशल को बढ़ाने के लिए।<br>• छपाई के बारे में बच्चों को प्रेरित करना। |
| उपयोग की विधि | - | • कविता पोस्टर को बच्चों की आँख के स्तर पर प्रदर्शित करें और उन्हें कविता पोस्टर के संपर्क में आने दें।<br>• अपनी तर्जनी का उपयोग करते हुए कविता पढ़ें और गाएँ, प्रत्येक शब्द/रेखा के नीचे अँगुली रखें और बच्चों का ध्यान प्रिंट की ओर लाएँ।<br>• बच्चों को पोस्टर में आने वाले शब्द, अनुप्रास, ताल की पहचान के लिए प्रोत्साहित करें। |
| विविधताएँ | - | (i) बच्चों के लिए 'राइमिंग पिक्चर बुक्स' पढ़ें और पढ़ने के क्षेत्र में रखें।<br>(ii) अधिक कविताएँ एकत्र करें और (विभिन्न अवधारणाओं पर आधारित) कविताओं पर पोस्टर भी बना सकते हैं।<br>(iii) आप 'कविता पोस्टर' पर आधारित खुले अंत वाले प्रश्न भी बना सकते हैं।<br>(iv) कविता के आधार पर रोल-प्ले की योजना बनाएँ।<br>(v) बच्चों को तुकबंदी वाले शब्द खेलने दें।<br>(vi) छोटे समूह में बच्चों को अपनी खुद की कविता बनाने के लिए आमंत्रित करें, उन्हें कविता के लिए चित्र बनाने दें और इन्हें कक्षा में प्रदर्शित करें। |









## 34. कहानी काड्र्स

| | | |
|---|---|---|
| संख्या | - | 5 कहानी काड्र्स के सेट (प्रत्येक सेट में 5 काड्र्स होते हैं।) |
| गतिविधि का प्रकार | - | व्यक्तिगत रूप से या छोटे समूह में किया जा सकता है या घेरा समय के दौरान। |
| उद्देश्य | - | • सुनने और बोलने के कौशल का विकास करना।<br>• बुनियादी शब्दावली का निर्माण करने के लिए।<br>• क्रमिक सोच विकसित करने के लिए।<br>• पुस्तक पढ़ने और उसको संभालने के कौशल में रुचि विकसित करना।।<br>• बच्चे को बाएँ से दाएँ पढ़ने के लिए तैयार करना।। |
| उपयोग की विधि | - | • कहानी काड्र्स क्रम में हैं और इससे बच्चों को कहानी के चित्रों को तार्किक रूप से क्रम में रखने और कहानी की व्याख्या करने में मदद मिलेगी। कोई भी एक कहानी कार्ड सेट निकालिए। विषय निम्नलिखित हैं—<br>1. बंदर और टोपी बेचने वाला<br>2. शेर और चूहा<br>3. दो बिल्लियाँ और एक बंदर<br>4. सूर्य और पवन<br>5. शिकारी और कबूतर<br>• बच्चों को पूरी कहानी काड्र्स को क्रम में व्यवस्थित करते हुए सुनाएँ, बच्चों के बाएँ से दाएँ कार्ड रखते हुए कहानी सुनाना शुरू करें (एक समय में एक कार्ड लें)<br>• इस कहानी अनुक्रम को घेरा बनाकर दोहराएँ।<br>• कहानी बताते हुए कहानी चित्रों को क्रम में लगाने के लिए आप फलालेन बोर्ड का उपयोग भी कर सकते हैं।<br>• प्रदर्शन के बाद एक बार में एक ही बच्चे को बुलाएँ और उसे कहानी कार्ड व्यवस्थित करने के लिए कहें। बाएँ से दाएँ क्रम में रखते हुए कहानी सुनाते रहें।<br>• शेष कहानी काड्र्स के साथ भी ऐसा ही करें। |
| विविधताएँ | | (i) मूर्त वस्तुओं और खिलौनों का उपयोग करके आप बहुत सारी अनुक्रमिक सोच वाली गतिविधियाँ करें।<br>(ii) आप खिलौनों और गुड़ियों का प्रयोग करके कहानी सुना सकते हैं।<br>(iii) इवेंट काड्र्स का उपयोग करें, उदाहरण के लिए स्नान करना, क्रम चाय बनाने का क्रम इत्यादि।<br>(iv) इसी तरह के और काहानी काड्र्स तैयार करें, उदाहरण– कहानी जो बच्चों के बीच बहुत प्रसिद्ध हो, बच्चे अपनी पसंदीदा तस्वीरों को काटकर पेस्ट भी कर सकते हैं और अपनी खुद की छोटी-छोटी कहानी की किताबें भी बना सकते हैं। |



Jaadui Pitara A User's Manua Hindil.indd 55 06-Aug-24 10:27:43 AM

## 35. दस्ताना पुतल

| | | |
|---|---|---|
| संख्या | - | 2 (शेर और खरगोश) |
| गतिविधि का प्रकार | - | व्यक्तिगत, छोटा समूह और संपूर्ण समूह गतिविधि |
| उद्देश्य | - | • सुनने और बोलने का कौशल विकसित करना।<br>• रचनात्मकता और कल्पनाशीलता का विकास करना।<br>• पूर्ण और संरचित वाक्य बोलने के लिए प्रोत्साहित करना।<br>• सामाजिक कौशल को बढ़ाने के लिए।<br>• सूक्ष्म क्रियात्मक कौशल को विकसित करने के लिए। |
| उपयोग की विधि | - | • सोचो या कहानी बनाओ और इन कठपुतलियों का उपयोग करते हुए कहानी सुनाओ।<br>• इन जानवरों के बारे में बात करें।<br>• कठपुतलियों का प्रयोग करते हुए बच्चों को विभिन्न जानवरों की भूमिका निभाने को कहें। |
| विविधताएँ | - | (i) कठपुतलियों को पठन क्षेत्र में रखें और बच्चों को कठपुतलियों का इस्तेमाल करने और उसमें हेर-फेर करने दें।<br>(ii) विभिन्न कहानियों के लिए बिना लागत या कम लागत वाली सामग्री का उपयोग करते हुए ऐसी और कठपुतलियाँ बनाएँ। |





Jaadui Pitara A User's Manua Hindil.indd 56 06-Aug-24 10:27:43 AM

## *36. फिरकी बच्चों की (पत्रिका)*

| | | |
|---|---|---|
| संख्या | - | 1 पत्रिका (अर्धवार्षिक) सदस्यता रा.शै.अ.प्र.प. से ली जा सकती है। |
| गतिविधि का प्रकार | - | पढ़ना और लिखना |
| उद्देश्य  | - | • छोटे बच्चों के पढ़ने और लिखने की रुचि को बढ़ावा देना।<br>• बच्चों में चित्रों के माध्यम से देश के विभिन्न भागों के भारतीय कला रूपों के बारे में रुचि जगाने के लिए, जैसे— गोंड कला, मधुबनी पेंटिंग इत्यादि।<br>• बच्चों की मौखिक भाषा के विकास को बेहतर बनाने के लिए।<br>• पठन और लेखन गतिविधियों के विभिन्न अवसर प्रदान करके रचनात्मक अभिव्यक्ति के लिए मंच प्रदान करना, जैसे— 'कुछ हम लिखें, कुछ तुम लिखो, देखो मैंने क्या बनाया' इत्यादि।<br>• छोटे बच्चों में सुनने की समझ को सुगम बनाने और उनके मन में जिज्ञासा विकसित करने के अवसर प्रदान करने के लिए।<br>• छोटे बच्चों में लेखन के स्वभाव का विकास करना और उनकी लेखन सामग्री को '*फिरकी* बच्चों की' पत्रिका में प्रकाशित करने के लिए प्रोत्साहित करना। |
| उपयोग की विधि | - | • किताब उठाइए और कवर पेज पर चित्र देखिए। किताब खोलें और कहानी-कविताओं को पढ़ने का प्रयास करें।<br>• पढ़ने के आधार पर बच्चों से बातचीत करें।<br>• चित्र में ऐसा खोजें जो बच्चों में रचनात्मक सोच विकसित करे, जैसे— चित्र को देखें और चित्र पठन कौशल विकसित करें।<br>• पत्रिका में उपस्थित 'खोजो' की मदद से संज्ञानात्मक कौशल का निर्माण। |
| विविधताएँ | - | (i) चित्र पठन पर आधारित कहानी बुनना।<br>(ii) रेखाचित्रों और लेखन के माध्यम से अपने विचार व्यक्त करना।<br>(iii) '*फिरकी* बच्चों की' पत्रिका में 'खोजो' (एक अंश) की मदद से ध्यान का विस्तार करना। |

## 37. हिंदी ध्वनि डोमिनो

| | | |
|---|---|---|
| संख्या | - | 28 काड्‌र्स |
| गतिविधि का प्रकार | - | व्यक्तिगत रूप से या छोटे समूह में गतिविधि की जा सकती है। |
| उद्देश्य | - | • अवलोकन कौशल को बढ़ाने के लिए।<br>• हिंदी में ध्वन्यात्मक ध्वनियों की पहचान करना।<br>• श्रवण विभेदन कौशल को विकसित करने के लिए।<br>• शब्दावली बढ़ाने के लिए। |
| उपयोग की विधि | - | • प्रत्येक डोमिनो कार्ड में दो चित्र अलग ध्वनि से शरू होंगे।<br>• अगर छोटे समूह में खेल रहें हैं तो एक कार्ड केंद्र में रखते हुए प्रत्येक बच्चें को एक-एक डोमिनो बाँट दें।<br>• वह बच्चा जिसके पास डोमिनो है जो केंद्र में रखें चित्र डोमिनो से मेल खाता है, वह आगे आएगा और उसे केंद्र में रखे डोमिनो के साथ लगा देगा।<br>• वही गतिविधि दूसरे बच्चों के साथ अन्य ध्वनि डोमिनो की शृंखला पूरी करने के लिए दोहराई जाएगी।<br>• इसी प्रकार बच्चा इसे व्यक्तिगत रूप से शिक्षक की मदद से खेल सकता है। |
| विविधताएँ | - | (i) बच्चों को प्रत्येक चित्र को देखने और उसके बारे में बात करने दें और प्रिंट-समृद्ध कक्षा में संबंधित प्रारंभिक अक्षर की पहचान करने दें।<br>(ii) बड़े बच्चों को चित्र बनाने और उसकी नकल करने दें। |



## 38. अंग्रेजी ध्वनि डोमिनो

| | | |
|---|---|---|
| संख्या | - | 28 कार्ड्स |
| गतिविधि का प्रकार | - | व्यक्तिगत रूप से या छोटे समूह में किया जा सकता है। |
| उद्देश्य | - | • अवलोकन कौशल को बढ़ाना।<br>• अंग्रेजी में ध्वन्यात्मक ध्वनियों की पहचान करने के लिए।<br>• श्रवण-विभेदी कौशल विकसित करने के लिए।<br>• शब्दावली बढ़ाने के लिए। |
| उपयोग की विधि | - | यह उसी तरह से खेला जाएगा जैसा हिंदी ध्वनि डोमिनों के अंदर समझाया गया है। |
| विविधताएँ | - | बच्चों को प्रत्येक चित्र को देखने और उसके बारे में बात करने दें और प्रिंट-समृद्ध कक्षा में संबंधित प्रारंभिक अक्षर की पहचान करने दें। |



## 39. अंग्रेजी वर्णमाला फ्लैश काड्र्स (छोटी/बड़ी)

| | | |
|---|---|---|
| संख्या | - | 26 |
| गतिविधि का प्रकार | - | |
| उद्देश्य | - | • अक्षर पहचान कौशल विकसित करना।<br>• अक्षर ध्वनि संबंध विकसित करना।<br>• शब्दावली का विकास करना। |
| उपयोग की विधि | - | • एक अक्षर कार्ड उठाएँ और बच्चे को अक्षर को पहचानने, उसका नाम और संबंधित ध्वनि बताने को कहें।<br>• एक बार जब बच्चे ने अक्षर और उससे संबंधित ध्वनि पहचान ली तो समान अक्षर से शुरू होने वाले शब्दों के नाम और ध्वनि बताने के लिए बच्चों को प्रोत्साहित करें। |
| विविधताएँ | - | कार्ड का उपयोग बुनियादी साक्षरता के विकास के लिए एक प्रिंट-समृद्ध परिवेश प्रदान किया जा सकता है, जो बच्चों के सीखने को सुदृढ़ करने के लिए दृश्य सहायक के रूप काम करता है। |



## 40. हिंदी अक्षर/वर्णमाला फ्लैश कार्ड्स

| | | |
|---|---|---|
| संख्या | - | 48 |
| गतिविधि का प्रकार | - | |
| उद्देश्य | - | • अक्षर पहचान कौशल विकसित करना।<br>• अक्षर ध्वनि संबंध विकसित करना।<br>• शब्दावली का विकास करना। |
| उपयोग की विधि | - | • एक अक्षर कार्ड उठाएँ और बच्चों को पहचानने के लिए कहें। दिए गए चित्र के साथ अक्षर का नाम और संबधित ध्वनि पहचानने को कहें।<br>• एक बार जब बच्चे ने अक्षर और उसकी संबधित ध्वनि पहचान ली तो समान अक्षर से शुरू होने वाले शब्दों के नाम और ध्वनि बताने के लिए बच्चों को प्रोत्साहित करें। |
| विविधताएँ | - | |



## 41. अंग्रेजी वर्णमाला ट्रेसिंग बोर्ड

| | | |
|---|---|---|
| संख्या | - | 1 ए.टी.बी. बोर्ड लकड़ी के लेखन उपकरण के साथ |
| गतिविधि का प्रकार | - | |
| उद्देश्य | - | • आँख-हाथ समन्वय कौशल को बेहतर बनाने के लिए।<br>• उँगलियों और हाथों को स्पष्ट गति प्रदान करने के लिए। (पूर्व-लेखन कौशल)<br>• ध्यान देने की अवधि और ध्यान केंद्रित करने की क्षमता को बेहतर बनाने के लिए।<br>• अक्षर, शब्द लिखने और आरेखन ट्रेसिंग की नींव तैयार करने के लिए। |
| उपयोग की विधि | - | • ए.टी.बी. पर गतिविधि का प्रदर्शन करें।<br>• बच्चों को अक्षरों को ट्रेस करने के लिए लकड़ी के लेखन उपकरण का उपयोग करने दें। (बच्चों को अपनी तर्जनी को अक्षर खाँचे में घुमाने दें।) |
| विविधताएँ | - | (i) आप अक्षर और संख्या चार को दीवार पर लगा सकते हैं (बॉक्स में दिया गया है।) और बच्चों को तर्जनी का उपयोग करते हुए अक्षर और नंबर ट्रेस करने के लिए प्रोत्साहित कर सकते हैं।<br>(ii) आप बेकार पड़े हुए कार्ड बोर्ड का उपयोग करके संख्या ट्रेसिंग बोर्ड बना सकते हैं।<br>(iii) आप बच्चों को अक्षरों का मिलान करने के लिए प्रोत्साहित कर सकते हैं, उदाहरण के लिए—अक्षर खाँचे के साथ 'A' का 'a' से मिलान करें। (फलैश काड्र्स जादुई पिटारा में दिए गए हैं)<br>(iv) सैंड पेपर के अक्षरों का प्रयोग करें और बच्चों को इन स्पर्शनीय अक्षरों पर ट्रेस करने के लिए प्रोत्साहित करें। |



## 42. अंग्रेजी वर्णमाला ट्रेसिंग काड्र्स

| | | |
|---|---|---|
| संख्या | - | 26 |
| गतिविधि का प्रकार | - | व्यक्तिगत |
| उद्देश्य | - | • दृश्य संबंधी समझ को बेहतर बनाने के लिए।<br>• सूक्ष्म क्रियात्मक कौशल को विकसित करने के लिए।<br>• अक्षर पहचान कौशल विकसित करने के लिए।<br>• सही अक्षर निर्माण और उनसे संबंधित ध्वनियों के विकास के लिए। |
| उपयोग की विधि | - | • बच्चों को कुछ अक्षरों को तर्जनी के साथ ट्रेस करके दिखाएँ।<br>• बच्चों को प्रोत्साहित करें कि वह प्रत्येक अक्षर को बिंदु 1 से शुरू करते हुए दी गई दिशा में ट्रेस करें।<br>• प्रत्येक अक्षर कार्ड में बच्चे को चित्र को पहचानने और उनका नाम बताने में मदद करें। |
| विविधताएँ | - | बच्चे अक्षरों पर रेत, कागज़ आइसक्रीम स्टिक, ऊन या धागा, कागज़ के टुकड़े चिपका सकते हैं और दृष्टिबाधित लोगों के लिए टैक्टाइल काड्र्स का उपयोग किया जाता है। |






## 43. हिंदी वर्णमाला (स्वर ट्रेसिंग कार्ड्स)

| | | |
|---|---|---|
| संख्या | - | 12 |
| गतिविधि का प्रकार | - | |
| उद्देश्य | - | • बच्चों की दृश्य संबंधी समझ विकसित करने में मदद करने के लिए।<br>• सूक्ष्म क्रियात्मक कौशल विकसित करने के लिए।<br>• अक्षर पहचान कौशल विकसित करने के लिए।<br>• सही अक्षर निर्माण और संबंधित ध्वनियों के निर्माण के लिए। |
| उपयोग की विधि | - | • बच्चों को तर्जनी के साथ अक्षर को ट्रेस करके दिखाएँ।<br>• बच्चों को प्रोत्साहित करें कि वे प्रत्येक अक्षर को बिंदु 1 से शुरू करके दी गई दिशा में ट्रेस करें।<br>• प्रत्येक अक्षर कार्ड में बच्चों को चित्र पहचानने और उनका नाम बताने के लिए प्रोत्साहित करें।<br>• बच्चों को प्रत्येक अक्षर से शुरू होने वाले कुछ और शब्दों के नाम बताने के लिए प्रोत्साहित करें। |
| विविधताएँ | - | अक्षरों पर सामग्री, जैसे— आइसक्रीम स्टिक, ऊन या धागा, रेत या कागज़ के टुकड़े चिपकाएँ जा सकते हैं और दृष्टिबाधित लोगों के लिए टैक्टाइल कार्ड्स के रूप में उपयोग किया जा सकता है। |










Jaadui Pitara A User's Manua Hindil.indd 64 06-Aug-24 10:27:45 AM

## 44. हिंदी वर्णमाला (व्यंजन ट्रेसिंग काड्‍र्स)

| | | |
|---|---|---|
| संख्या | - | 36 |
| गतिविधि का प्रकार | - | |
| उद्देश्य | - | • बच्चों की दृश्य संबंधी समझ विकसित करने में मदद करना।<br>• सूक्ष्म क्रियात्मक कौशल विकसित करने के लिए।<br>• सही अक्षर पहचानने का कौशल विकसित करने के लिए।<br>• सही अक्षर निर्माण और उससे संबंधित ध्वनियों के लिए। |
| उपयोग की विधि | - | • बच्चों को कुछ अक्षरों को तर्जनी के साथ ट्रेस करके दिखाएँ।<br>• बच्चों को प्रोत्साहित करें कि वह प्रत्येक अक्षर को बिंदु 1 से शुरू करते हुए दी गई दिशा में ट्रेस करें।<br>• प्रत्येक अक्षर कार्ड में बच्चें को चित्र को पहचानने और उसका नाम बताने में मदद करें। |
| विविधताएँ | - | |






## 45. वर्णमाला चार्ट (अंग्रेजी)

| | | |
|---|---|---|
| संख्या | - | 1 |
| गतिविधि का प्रकार | - | व्यक्तिगत, छोटा समूह |
| उद्देश्य | - | • बुनियादी साक्षरता कौशल विकसित करने में मदद करना।<br>• अक्षरों का क्रम जानने के लिए।<br>• अलग-अलग अक्षरों और उनकी ध्वनियों को पहचानने के लिए। |
| उपयोग की विधि | - | • दीवार पर अक्षर चार्ट प्रदर्शित करें। (बच्चों की आँखों के स्तर के अनुरूप)<br>• प्रिंट-समृद्ध कक्षा के एक भाग के रूप में वर्णमाला का उपयोग, अक्षरों का परिचय देने और पढ़ाने में करें।<br>• जब बच्चे अक्षर पढ़ते हैं तो प्रत्येक अक्षर छवि/चित्र की ओर इशारा करें और प्रत्येक अक्षर की ध्वनि को बोलें। |
| विविधताएँ | - | (i) प्रत्येक अक्षर की ओर इशारा करते हुए वर्णमाला गीत गाएँ।<br>(ii) बच्चों को विभिन्न शब्दावली के बारे में सोचने दें जो वर्णमाला चार्ट को स्मरण करते समय अक्षर/ध्वनि से शुरू होता है।<br>(iii) वर्णमाला चार्ट पर अक्षरों के साथ मिलान के लिए (जादुई पिटारा में दिए गए) फ्लैश कार्ड्स का उपयोग करें।<br>(iv) बच्चों को अक्षर पर अपनी अँगुली से ट्रेस करने दें।<br>(v) बच्चों को अपनी वर्णमाला पोस्टर बनाने के लिए प्रोत्साहित करें। |






Jaadui Pitara A User's Manua Hindil.indd 66 06-Aug-24 10:27:47 AM

## 46. स्वर चार्ट

| | | |
|---|---|---|
| संख्या | - | 1 |
| गतिविधि का प्रकार | - | व्यक्तिगत, छोटा समूह |
| उद्देश्य | - | • बुनियादी साक्षरता कौशल विकसित करना।<br>• अक्षरों का क्रम जानने के लिए।<br>• अलग-अलग अक्षरों को और उनकी ध्वनियों को पहचानने के लिए। |
| उपयोग की विधि | - | • दीवार पर अक्षर चार्ट प्रदर्शित करें (बच्चों की आँखों के स्तर के अनुकूल)।<br>• प्रिंट समृद्ध कक्षा के एक भाग के रूप में वर्णमाला का उपयोग, अक्षरों का परिचय देने और पढ़ाने में करें।<br>• जब आप अक्षर पढ़ते हैं तो प्रत्येक अक्षर की छवि/चित्र की ओर इशारा करें और प्रत्येक अक्षर की ध्वनि बोलें। प्रत्येक अक्षर के शब्द और उनकी ध्वन्यात्मक ध्वनि को बोलें। |
| विविधताएँ | - | (i) प्रत्येक अक्षर की ओर इशारा करते हुए अनुवर्ती गतिविधि के रूप में स्वर गीत गाएँ।<br>(ii) बच्चों को विभिन्न शब्दावली के बारे में सोचने दें जो स्वर चार्ट का स्मरण करते समय अक्षर/ध्वनि से शुरू होता है।<br>(iii) स्वर चार्ट के अक्षरों के साथ, मिलान के लिए (जादुई पिटारा में दिए गए) फ्लैश काड्र्स का उपयोग करें।<br>(iv) बच्चों को अक्षर पर अँगुली से ट्रेस करने दें।<br>(v) बच्चों को अपने स्वर पोस्टर बनाने के लिए प्रोत्साहित करें। |



## 47. व्यंजन चार्ट

| | | |
|---|---|---|
| संख्या | - | 1 |
| गतिविधि का प्रकार | - | व्यक्तिगत, छोटा समूह |
| उद्देश्य | - | • बुनियादी साक्षरता कौशल विकसित करने में मदद करने के लिए।<br>• अक्षरों का क्रम जानने के लिए।<br>• अलग-अलग अक्षरों और ध्वनियों को पहचानने के लिए। |
| उपयोग की विधि | - | • दीवार पर वर्णमाला चार्ट प्रदर्शित करें। (बच्चों की आँख के स्तर के अनुरूप)<br>• प्रिंट-समृद्ध कक्षा के एक भाग के रूप में वर्णमाल का उपयोग, अक्षरों का परिचय देने और पढ़ाने में करें।<br>• जब आप अक्षर पढ़ते हैं तो प्रत्येक उत्तर की छवि/चित्र की ओर इशारा करें और प्रत्येक अक्षर की ध्वनि को बोलें। प्रत्येक अक्षर के शब्द और उसकी ध्वन्यात्मक ध्वनि को बोलें। |
| विविधताएँ | | |






Jaadui Pitara A User's Manua Hindil.indd 68 06-Aug-24 10:27:52 AM

## 48. बरखा कहानी शृंखला

| | | |
|---|---|---|
| संख्या | - | श्रेणीबद्ध कहानी की 40 किताबों का एक सेट |
| गतिविधि का प्रकार | - | व्यक्तिगत, छोटे समूह |
| उद्देश्य | - | • छोटे बच्चों में पठन कौशल के विकास को सुगम बनाना।<br>• प्रारंभिक पठन प्रक्रिया में निरंतरता लाने के लिए श्रेणीबद्ध पठन शृंखला को प्रस्तुत करना।<br>• छोटे पाठकों को दिलचस्प श्रेणीबद्ध कहानियों के माध्यम से जोड़े रखने के लिए।<br>• बच्चों को चित्रों के माध्यम से पढ़ने और लिखित शब्दों का बोध कराने में सक्षम बनाना। |
| उपयोग की विधि | - | • छोटे बच्चों के साथ श्रेणीबद्ध बरखा शृंखला को जोर से पढ़ें।<br>• प्रिंट के नीचे तर्जनी का उपयोग करके पढ़ें और बच्चों का ध्यान प्रिंट की ओर आकर्षित करें।<br>• *बरखा* शृंखला का एक सेट बच्चों की उम्र के अनुसार 'पठन क्षेत्र' में रखें।<br>• जब बच्चे प्रिंट की खोज कर रहे हों और पढ़ने का नाटक कर रहे हों, शृंखला के माध्यम से पठन कौशल को विकसित करें और उनका अवलोकन करें।<br>नोट— *बरखा* शृंखला प्रारंभिक वर्षों में पढ़ने को रोचक, आनंदमय और सार्थक अनुभव बनाने का एक प्रयास है। |
| विविधताएँ | - | बच्चों को पुरानी पत्रिकाओं से चित्र आदि बाँटने को कहें और अपनी खुद की डी.आई.वाई. कहानी की किताब बनाने को कहें। |






Jaadui Pitara A User's Manua Hindil.indd 69 06-Aug-24 10:27:52 AM

## *49. आनंद गतिविधि पुस्तिका* (बालवाटिका वर्कशीट/कार्यपत्रक)

| | | |
|---|---|---|
| संख्या | - | 2 |
| गतिविधि का प्रकार | - | व्यक्तिगत |
| उद्देश्य | - | • विकास के 5 आयामों को ध्यान में रखते हुए एकीकृत कार्यपत्रक प्रदान करना।<br>• छोटे बच्चों के साथ की जाने वाली अनुकरणीय कार्यपत्रक (वर्कशीट) शिक्षक/माता-पिता को प्रदान करना।<br>• एकीकृत कार्यपत्रक के माध्यम से बच्चों को स्कूल के लिए तैयार करना।<br>• सूक्ष्म क्रियात्मक कौशल, तार्किक सोच और शब्दावली विकसित करने के लिए। |
| उपयोग की विधि | - | • बच्चों को कार्यपत्रक देने से पहले उसे प्रदर्शित करें।<br>• बच्चों से कार्यपत्रक के बारे में सरल और समझने में आसान भाषा में बात करें और 'यह क्या कह रहा है' और 'इसमें क्या किया जाना है?'<br>• कार्यपत्रक का उपयोग करते समय जहाँ भी संभव हो प्रकृति की अवधारणा और स्थानीय संसाधनों तथा सामग्रियों का उपयोग करें एवं उसका परिचय दें, उदाहरण के लिए— पत्तों से नमूने बनाना, सूखे फूल, टहनियों के साथ रंगोली बनाना इत्यादि।<br>• गतिविधि पुस्तिका से कार्यपत्रक को निकालकर एक पोर्टफोलियो में रखा जा सकता है जो शिक्षा कों माता-पिता की बच्चों के काम का आकलन करने में मदद करेगा। |
| विविधताएँ | - | (i) एक बार जब बच्चा कार्यपत्रक को पूरा कर लेता है तो उसे बोर्ड पर पैटर्न पूरा करने के लिए प्रोत्साहित करें।<br>(ii) आप कार्यपत्रकों को बच्चों की ज़रूरतों और रुचि के आधार पर बदल और संशोधित कर सकते हैं।<br>(iii) समान कार्यपत्रक विकास के विभिन्न आयोगों की समग्र शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए बनाई जा सकती है। |



## *50. उन्मुख*—बालवाटिका के लिए हैंडबुक/निर्देशिका

| | | |
|---|---|---|
| संख्या | - | 1 |
| गतिविधि का प्रकार | - | व्यक्तिगत, छोटे समूह |
| उद्देश्य | - | • बुनियादी स्तर के शिक्षकों को 3–6 वर्ष की आयु वर्ग के बच्चों के साथ व्यवहार करने के सक्षम बनाना।<br>• प्रशिक्षकों और प्री-स्कूल शिक्षकों को योग्यता आधारित गतिविधियों को दिलचस्प तरीके से मार्गदर्शन देना।<br>• प्रशिक्षकों को बच्चों के सीखने के अनुभवों के लिए शिक्षकों और अन्य हितधारकों को क्षमता निर्माण के अवसर प्रदान करना। |
| उपयोग की विधि | - | • दस्तावेज़ को अच्छी तरह से पढ़ें।<br>• दस्तावेज़ के हैंड आउट्स प्रशिक्षकों को पहले से ही प्रदान करें ताकि वे प्रशिक्षण के लिए तैयार हों।<br>• एक प्रशिक्षण कार्यक्रम की योजना बनाएँ (विभिन्न सत्रों में) और सत्र की शुरुआत पारस्परिक तरीके से करें।<br>• सरल भाषा का प्रयोग करें, ताकि प्रतिभागी सामग्री को अच्छी तरह से समझ सकें।<br>• प्रत्येक डोमेन/आयाम के लिए गतिविधि का प्रदर्शन करें और प्रतिभागियों को निरंतरता के लिए एल.टी.एम. विकसित करने दें। |
| नोट— शिक्षक अनुलग्नक में सुझाई गई, बच्चों के लिए गतिविधियों की योजना बना सकते हैं और उनका संचालन कर सकते हैं। | | |






Jaadui Pitara A User's Manua Hindil.indd 71 06-Aug-24 10:27:55 AM

## 51. अधिगम सामग्री के संग्रह और प्रदर्शन के लिए जेब वाला फोल्डिंग थैला

| | | |
|---|---|---|
| संख्या | - | 1 |
| उपयोग की विधि | - | शिक्षक इस बैग का उपयोग अधिगम सामग्री (जिसका वह उपयोग कर रहे हैं) रखने के लिए कर सकते हैं और कक्षा में बैग को लटका सकते हैं। शिक्षक अधिगम सामग्री के नाम का लेबल या कढ़ाई करके बैग की जेब पर लिख सकते हैं। |



## 52. लुप्त हो रहा मेंढक—एक जादुई तरकीब

| | | |
|---|---|---|
| संख्या | - | 1 जादुई तरकीब (लुप्त हो रहा मेंढक) |
| गतिविधि का प्रकार | - | व्यक्तिगत, छोटे समूह |
| उद्देश्य | - | • आलोचनात्मक सोच कौशल विकसित करना।<br>• दृश्य-अवधारणात्मक कौशल विकसित करना।<br>• कल्पना और रचनात्मकता का विस्तार करना। |
| उपयोग की विधि | - | यह बच्चों के लिए जादुई और मनोरंजक गतिविधि है। यह गतिविधि शिक्षक के निर्देश में करनी चाहिए।<br>सबसे पहले, पहेली को बच्चों को दिखाया जाना चाहिए। पहेली के तीन भाग हैं— भाग क, ख और ग।<br>बच्चों को भाग क और ख को भाग ग के क्रम में व्यवस्थित करने के लिए कहें। तत्पश्चात बच्चों से मेंढकों की संख्या गिनने को कहें।<br>अब बच्चों से पहले भाग ख को व्यवस्थित करने के लिए कहें, फिर भाग क को भाग ग के ऊपर व्यवस्थित करने के लिए कहें। अब फिर से बच्चों से मेंढकों की संख्या गिनने को कहें।<br>एक मेंढक गायब हो गया है।<br>बच्चों से पूछें कि यह कहाँ जा सकता था।<br>बच्चों को तर्क करने के लिए प्रोत्साहित करें। बच्चों द्वारा दिए गए सभी संभावित कारणों पर एक तर्क देकर विचार किया जाना चाहिए। |
| विविधताएँ | - | (i) विभिन्न विषयों और अवधारणाओं के आधार पर अपने बच्चों के लिए ऐसे और जादुई तरकीब काड्र्स बनाएँ।<br>(ii) ठोस सामग्रियों का उपयोग करके ऐसी और खेल गतिविधियाँ करें और फिर आप उन्हें वर्कशीट पर भी दिखा सकते हैं (बच्चों की उम्र और विकास स्तर के आधार पर)। |

